दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak
facebook.com/sachbedhadak| YouTube: youtube.com/@sachbedhadak
Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

### भारत के पीएम और फ्रांस के प्रेसिडेंट ने गुलाबी नगर के लिए ऐतिहासिक बना दी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या

# मोदी-मैक्रों के बीच दिखी शानदार बॉन्डिंग

**बेधड़क** | जयपुर

गुलाबी नगर के लिए गुरुवार 25 जनवरी का दिन तब ऐतिहासिक बन गया, जब दुनिया की दो बड़ी हस्तियों का मिलन और रोड शो हुआ। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस दिन जयपुर की एक दिवसीय यात्रा पर आए, तो जयपुर दो महाशक्तियों के मिलन का साक्षी बना। इस मौके पर पीएम मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का जयपुर के जंतर-मंतर पर गर्म जोशी से स्वागत किया और इसके बाद दोनों ने मिलकर जयपुर में करीब दो किलोमीटर तक रोड शो निकाला। इससे पूर्व जयपुर पहुंचने पर फ्रांसीसी प्रेसिडेंट मैक्रों की एयरपोर्ट पर विदेश मंत्री एस.जयशंकर, राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अगुवानी की। फिर, उनका आमेर किले पर राजस्थानी तौर-तरीकों से स्वागत किया गया। इसके बाद पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने राजस्थान के जयपुर में महाराजा सवाई जय सिंह द्वारा स्थापित प्रसिद्ध सौर वेधशाला जंतर-मंतर का दौरा किया। यहीं इन दोनों हस्तियों का मिलन हुआ। पीएम मोदी के आगमन पर राज्यपाल कलराज मिश्र, सीएम भजनलाल शर्मा और विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद सहित कई नेताओं ने उनका स्वागत किया। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच गुरुवार को गजब की बॉन्डिंग भी दिखाई दी। दोनों नेताओं की मुलाकात जयपुर में गर्मजोशी से भरी रही। रोड शो के दौरान दोनों नेता एक गाड़ी पर खड़े नजर आए। दोनों नेताओं ने हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन किया।

- राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल आदि ने की दोनों नेताओं की अगुवानी
- कार्यक्रम के बाद विश्व के दोनों दिग्गज नेता नई दिल्ली के लिए हुए रवाना



फोटो: राजेश कुमावत

### जंतर मंतर से हवामहल तक रोड शो

प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के रोड शो की शुरुआत जंतर मंतर के बाहर से हुई। यह रोड शो त्रिपोलिया गेट से बाहर निकाला और धीरे-धीरे बड़ी चौपड़ की ओर आगे बढ़ते हुए हवा महल पर खत्म हुआ। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ उमड़े लोगों में इनकी एक झलक देखने की ललक साफ तौर पर देखी गई। रोड शो के दौरान लोगों ने मोदी और मैक्रों का अभिवादन किया। दोनों नेताओं ने हाथ हिलाते हुए जनता का अभिवादन स्वीकार किया।



### गर्मजोशी से गले मिले दोनों नेता

पीएम मोदी ने जयपुर के ऐतिहासिक जंतर मंतर में फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों का स्वागत किया। प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति ने एक दूसरे से न सिर्फ हाथ मिलाया, बल्कि गर्मजोशी से गले भी मिले। यहां विश्व के इन दोनों दिग्गज नेताओं की उम्दा दोस्ती की झलक भी देखने को मिली। स्वागत के बाद दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक जंतर मंतर का अवलोकन किया तथा उसके बारे में जाना। बता दें कि मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों को राममंदिर का मॉडल किया भेंट



इसके बाद पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति को राम मंदिर का मॉडल गिफ्ट किया। साथ ही, दोनों नेताओं ने एक दुकान पर चाय भी पी। भारत में डिजिटल पेमेंट मॉडल को बढ़ावा देने के लिहाज से पीएम मोदी ने राममंदिर की प्रतिकृति और चाय का पेमेंट यूपीआई के माध्यम से किया। रोड शो सहित अन्य कार्यक्रमों के बाद दोनों विश्व नेता रात 8:50 पर नई दिल्ली के लिए विमान से रवाना हो गए।

### मैक्रों के साथ मौजूद थीं दीया कुमारी



इससे पूर्व मैक्रों के आमेर पहुंचने पर स्कूली छात्रों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मैक्रों ने इन छात्रों से बातचीती भी की। उनके साथ इस मौके पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी भी मौजूद रहीं।

## जरूरी खबर

### आईजी विकास कुमार को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को मतदाता दिवस पर दिल्ली के मानेकशॉ ऑडिटोरियम में राजस्थान विधानसभा चुनाव में बेस्ट चुनावी प्रबंधन के लिए राजस्थान के आईजी-आरएसी विकास कुमार को विशेष अवॉर्ड से सम्मानित किया। इनके अलावा जनरल अवॉर्ड से गंगानगर कलेक्टर अंशदीप को भी सम्मानित किया गया।

### प्रदेश की चार हस्तियों को पद्मश्री देने का ऐलान



भीलवाड़ा के जानकीलाल

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को 34 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया गया। इनमें प्रदेश के भीलवाड़ा के जानकीलाल, लक्ष्मण तैलंग और अली मोहम्मद एंड गनी मोहम्मद (कला क्षेत्र) तथा माया टंडन (सामाजिक क्षेत्र) के नाम शामिल हैं। जानकीलाल को बहुरूपिया बाबा के नाम से जाना जाता है। जानकीलाल 6 दशकों से अधिक समय से बहुरूपिया कलाकार का कार्य कर रहे हैं। उन्हें लोकनृत्य में यह पुरस्कार दिया जा रहा है।

### अवकाश की सूचना

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी 2024 को 'सच बेधड़क' कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी 2024 को प्रकाशित होगा। -सं.

## पूर्व उप मुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा का निधन... पंचतत्व में विलीन

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा का गुरुवार को निधन को गया। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने गुरुवार को अंतिम सांस ली। वे 96 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को झालाना स्थित मोक्षधाम में किया गया। उनके पुत्र सुरेंद्र भाभडा ने मुखाग्नि दी।

भाभड़ा का जन्म 6 अगस्त 1928 को नागौर जिले के खिड़की दरवाजा, डीडवाना में हुआ था। वे दो बार विधानसभा अध्यक्ष और एक बार उपमुख्यमंत्री रहे। उन्होंने 16 मार्च 1990 से 5 अक्टूबर 1994 तक (दो बार) विधानसभा अध्यक्ष का पद संभाला। 1985, 1990 और 1993 में चूरू जिले के रतनगढ़ से विधायक बने। 6 अक्टूबर 1994 से 1 दिसंबर 1998 तक राजस्थान के उपमुख्यमंत्री भी रहे। भाभड़ा को वित्तीय मामलों का एक्सपर्ट भी माना जाता था।

### भाजपा कार्यालय में राज्यपाल मिश्र, मुख्यमंत्री शर्मा सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



### सभी ने कहा... अपूरणीय क्षति

राज्यपाल कलराज मिश्र ने भाभड़ा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हरिशंकर भाभड़ा राष्ट्रीयता के विचारों से ओतप्रोत संसदीय परंपराओं में गहरी आस्था रखने वाले राजनीतिज्ञ थे। वे आमजन के प्रति जवाबदेही शासन व्यवस्था और राजनीति में शुचिता के प्रबल पक्षधर थे। उनका निधन अपूरणीय क्षति है। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा का निधन राजस्थान के लिए अपूरणीय क्षति है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भाभडा की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। देवनानी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक गोपाल शर्मा सहित कई नेताओं ने भाभड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 16 पुलिस अधिकारी होंगे पुलिस पदक से सम्मानित

## एडीजी सचिन मित्तल और एस. सेंगाथिर होंगे राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गणतंत्र दिवस पर पुलिस महकमे में तैनात एडीजी सचिन मित्तल और एस सेंगाथिर को राष्ट्रपति पुलिस पदक और 16 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस पदक से सम्मानित करने की घोषणा की है। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। डीजीपी यूआर साहू ने ऐसे सभी पुलिसकर्मियों को सम्मानित होने पर उनके कामकाज की सराहना की है।





पुलिस पदक से सम्मानित होने वालों में डीआईजी शिवराज मीना, पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, पुलिस निरीक्षक आरपीए धीरज वर्मा, अंजना मालवी, कंपनी कमांडर एसडीआरएफ करणी सिंह व पुलिस उप निरीक्षक तकनीकी सेल एसएसबी गंगा सिंह गौड़, सहायक उप निरीक्षक रामावतार मीना, सहायक उप निरीक्षक सरफराज मोहम्मद, हेड कांस्टेबल नवीं बटालियन आरएसी टोंक अखेराज सिंह, हेड कांस्टेबल द्वितीय बटालियन आरएसी कोटा प्रहलाद मीना, हेड कांस्टेबल आरपीए जयपुर विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल हरि किशोर शर्मा, कांस्टेबल पूरणमल, प्रकाश चन्द्र, ओम प्रकाश सीरवी, सलीम खान और हरगोविंद को पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।



## जरूरी खबर

### ट्रेलर चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर



**बेधड़क. जयपुर।** जिले के बगरू में NH-48 पर होटल हाईवे किंग के सामने रात 11 बजे एक ट्रेलर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक ट्रेलर में फंस गई और युवक बुरी तरह से घायल हो गया। एएसआई प्रवीण ने बताया कि अभिनंदन भारद्वाज (24) पुत्र राजेश भारद्वाज 22 जनवरी की रात को जयपुर में ड्यूटी कर महला स्थित अपने घर लौट रहा था। इस दौरान तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया। बाइक सवार का एसएमएस में इलाज चल रहा है।

### सहकारी सेवा के अधिकारी को किया बर्खास्त

**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश सरकार ने राजस्थान सहकारी सेवा के अधिकारी बजरंग लाल झारोटिया को बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई अदालत के आदेश के बाद की है, जिसमें झारोटिया को चार साल कैद की सजा सुनाई गई थी। झारोटिया को एसीबी ने वर्ष 2006 में रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया था। उस समय वह दी उदयपुर सैन्ट्रल कॉ-आपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक था। इस मामले में विशिष्ठ न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम उदयपुर ने 22 मार्च 2023 को आदेश दिया।

### SMS स्टेडियम में सुबह 9.30 बजे झंडारोहण



**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश में शुक्रवार को राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह एसएमएस स्टेडियम में सुबह 9:30 बजे राज्यपाल कलराज मिश्र झंडारोहण करेंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। 10 बजे लोक कलाकार और छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। इसके बाद 10 बजकर 20 मिनट पर घुड़सवारी और डॉग शो का आयोजन होगा। इसके पश्चात राज्यपाल कलराज कलराज मिश्र राष्ट्र पुलिस पदक विजेताओं को पदक वितरण करेंगे। इसके बाद बैंड वादन और राष्ट्रगान के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का समापन होगा। वहीं मुख्यमंत्री सुबह 7.30 बजे ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर एवं प्रातः 8.00 बजे बड़ी चौपड़ पर ध्वज फहराएंगे।

## जेडीए में मुख्य सचिव सुधांश पंत औचक निरीक्षण के बाद हुआ खुलासा

# जेडीए में सुविधा शुल्क का सिस्टम... कोड-वर्ड है 'डिस्कस'

- जेडीए में एटीपी पद पर लगे संविदा कर्मियों की प्रॉपर्टी डीलर्स से सांठगांठ
- एटीपी कर्मचारियों की रिपोर्ट पर ही तय होता है कमीशन
- कॉलोनी के नियमन, भू-विभाजन और भू-पूनर्गठन समेत सभी कार्य
- इस रिपोर्ट के बाद ही फाइल पर अफसरों द्वारा लिखा जाता है 'डिस्कस'

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में जमीन से जुड़ी फाइलों में अफसरों द्वारा 'डिस्कस' लिखना सेवा शुल्क लेने का कोड-वर्ड है। डिस्कस शब्द एटीपी (सहायक नगर नियोजक) द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के बाद ही फाइल पर लिखा जाता है।

जेडीए में एटीपी के पद पर 33 कर्मचारी संविदा पर काम कर रहे है। इनमें ज्यादातर राजनेताओं व अफसरों के परिजन या फिर रिश्तेदार है। सूत्रों का दावा है कि एटीपी रिपोर्ट तैयार कर देता है और उसके बाद में फाइल पर निर्णय होता है। स्वीकृति के लिए एटीपी ही पूरे मामले को अफसरों के साथ मिलकर मैनेज करता है। एटीपी कई सालों से जेडीए में 15 हजार प्रति माह की पगार पर लगे है। लेकिन प्रॉपर्टी कारोबारी व लाइजनर इन कर्मचारियों को मनचाही रिपोर्ट तैयार कराने के लिए लग्जरी सेवा शुल्क देते है। यह सेवा शुल्क जेडीए के अफसरों के बीच में बांटा जाता है। हाल ही में जेडीए में मुख्य सचिव सुधांश पंत के औचक निरीक्षण व यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा को मिली शिकायतों में यह तथ्य सामने आए हैं। इसके बाद में जेडीए में एटीपी के पद पर लगे संविदाकर्मियों को अधिकारों में कटौती कर दी है और उनको हटाने की भी तैयारी है। जेडीए नगर आयोजक निदेशक विनय कुमार दुलेला ने एटीपी के पद पर लगे कर्मचारियों द्वारा दी जाने वाली हस्ताक्षरशुदा रिपोर्ट पर उनके हस्ताक्षर नहीं होने के सभी जोन, पीआरएन, बीपीसी व मास्टर प्लान के अधिकारियों के निर्देश दिए है।

### एटीपी द्वारा इन कामों की फाइलों को तैयार किया जाता है

पड़ताल में सामने आया कि मास्टर प्लान, जोन व पीआरएन में एटीपी पद पर लगे संविदाकर्मियों द्वारा कॉलोनी व प्लाट के नक्शे तैयार करने, साइट प्लान, भू-पूनर्गठन, भू-विभाजन, आवासीय कॉलोनियों की नाप-चौक, कॉलोनी के नियमन व नक्शा पास करने की रिपोर्ट तैयार की जाती है। जबकि मास्टर प्लान में लगे एटीपी सड़कों की साइज घटाने व बढ़ाने के साथ में सड़क की दिशा बदलने का भी काम करते है। यह रिपोर्ट प्रॉपर्टी कारोबारियों के इशारे पर सेवा शुल्क की एवज में एटीपी द्वारा तैयार की जाती है। इस रिपोर्ट के आधार पर जोन उपायुक्त व जेडीए मुख्यालय के अधिकारी फाइल को आगे स्वीकृति के लिए आगे बढ़ाते है। खास बात है कि जिन फाइलों में सेवा शुल्क नियमानुसार कार्रवाई होने के बाद भी नहीं मिलता है तो अधिकारी फाइल को बीपीसी के लिए भेज देते है। वहां पर भी एटीपी ही रिपोर्ट करके फाइल को आगे बढ़ाते है।

### जांच रिपोर्ट में गड़बड़ मिली तो सभी के खिलाफ होगी कार्रवाई

"जेडीए में अवाप्त शुदा जमीनों के मुआवजे व कॉलोनियों के नियमन समेत जमीन से जुड़े प्रकरणों की सैकड़ों फाइलें पेंडिंग है। इस मामले में जेडीसी से रिपोर्ट मांगी है। जांच रिपोर्ट में गड़बड़ मिलने पर सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और संविदाकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

**झाबर सिंह खर्रा, यूडीएच मंत्री**

## भाजपा कार्यालय लाई गई भाभड़ा की पार्थिव देह, श्रद्धांजलि दी

# पूर्व डिप्टी CM भाभड़ा के निधन पर भाजपा में शोक की लहर

- भाभड़ा का सिद्धांतों वाला राजनीतिक जीवन सभी के लिए प्रेरक: जोशी
- भाजपा नेताओं के अलावा पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने व्यक्त की संवेदना

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री स्वर्गीय हरिशंकर भाभड़ा की पार्थिव देह गुरुवार सुबह भाजपा प्रदेश कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए लाई गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भाभड़ा की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र चढाया, श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जोशी ने कहा कि हरि शंकर भाभड़ा का राजनैतिक जीवन जनसंघ से लेकर भाजपा तक रहा है।

भाभड़ा प्रदेश अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री जैसे पदों पर आसीन रहे। उनका सिद्धांतो और सुचिता वाला राजनैतिक जीवन सभी के लिए प्रेरक है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, राज्यसभा सासंद घनश्याम तिवाडी, सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, अविनाश गहलोत, राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा, संजय शर्मा, डॉ. मंजू बाघमार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक गोपाल शर्मा, हरलाल सारण, बालमुकुंदाचार्य, यूनूस खान, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, डिप्टी मेयर पुनित कर्नावट, भाजपा प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, श्रवण सिंह बगड़ी, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर दक्षिण देहात जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी और प्रदेश कार्यालय प्रभारी महेश शर्मा ने पुष्पचक्र अर्पित कर हरिशंकर भाभड़ा को श्रद्धांजलि दी।



### कई वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक

भाभड़ा के निधन पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत, सचिन पायलट, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गजेंद्र सिंह शेखावत, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती, सुभाष महरिया, वनिता सेठ, राजकुमार रिणवा, चंद्रमोहन मीणा समेत कई नेताओं ने शोक जताया है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने एक्स पर भाभड़ा के निधन पर शोक जताया। गहलोत ने कहा कि राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरि शंकर जी भाभड़ा का निधन अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

### राजनीति में बड़ा चेहरा रहे भाभड़ा

राजस्थान की राजनीति में भाभड़ा बड़ा चेहरा रहे। भैरोंसिंह शेखावत से लेकर वसुंधरा सरकार में वे किसी न किसी पद पर रहे। विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर भी उन्होंने अलग पहचान बनाई। राजस्थान विधानसभा का आज का भवन उन्हीं के प्रयासों की देन माना जाता है। नई बिल्डिंग के बजट के लिए वे तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत से भी टकरा गए थे। आखिर में सीएम को नई विधानसभा के लिए बजट की घोषणा करनी पड़ी थी। हरिशंकर भाभड़ा जब विधानसभा अध्यक्ष थे तो नई विधानसभा बिल्डिंग बनाने के लिए उन्हें सरकार से टकराव तक मोल ले लिया। वे 1993 के बजट में हर हाल में विधानसभा के नए भवन की घोषणा करवाना चाहते थे। मुख्य बजट में घोषणा नहीं हुई तो बजट पास कराने से पहले एप्रोप्रिएशन बिल पर सीएम से घोषणा का आश्वासन दिया गया। मौजूदा राज्यसभा सासंद घनश्याम तिवाड़ी ने हाल ही विधायकों की ट्रैनिंग वर्कशॉप के दौरान यह किस्सा बताया था। तत्कालीन सीएम भैरोंसिंह शेखावत सदन में एप्रोप्रिशन बिल पर बहस का जवाब दे रहे थे, उन्होंने बहस के जवाब में बाकी घोषणाएं तो कर दीं लेकिन नई विधानसभा बिल्डिंग की घोषणा नहीं की।

## जसमीत होंगे सलूंबर कलेक्टर

# दो आईएएस के तबादले, 12 को अतिरिक्त चार्ज

- एक आईएएस का तबादला निरस्त

**बेधड़क | जयपुर**

राज्य सरकार ने दो आईएएस के तबादले किए और एक का तबादला निरस्त किया है। 12 आईएसस अफसरों को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

कार्मिक विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। सेंट्रल डेपुटेशन से लौटने के बाद एपीओ चल रहे सीनियर आईएएस आलोक को दिल्ली में चीफ रेजिडेंट कमिश्नर के पद पर पोस्टिंग दी गई है। आलोक को पहले सीएमओ या फाइनेंस में पोस्टिंग की चर्चा थी। इसी प्रकार स्टेट हेल्थ इंश्योरेंस एजेंसी के जॉइंट सीईओ जसमीत संधू का तबादला सलूंबर कलेक्टर के पद पर किया है।

मुकुल शर्मा का निदेशक सिविल एविएशन और जीएडी उपसचिव से सलूंबर कलेक्टर के पद पर किया तबादला निरस्त कर दिया है। जोधपुर कलेक्टर गौरव अग्रवाल को जोधपुर ग्रामीण जिले के कलेक्टर का अतिरिक्त चार्ज दिया है।

### 12 को मिला अतिरिक्त चार्ज

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के एसीएस कुलदीप रांका को राज्य आयुक्त विशेष योग्यजन, परिवहन विभाग की एसीएस श्रेया गुहा को अध्यक्ष राज्य बस टर्मिनल विकास प्राधिकरण, एसीएस होम आनंद कुमार को आयुक्त नागरिक सुरक्षा विभाग, उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा को अध्यक्ष राजसीको और आयुक्त राजस्थान फाउंडेशन का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। कृषि विभाग के प्रमुख सचिव वैभव गालरिया को अध्यक्ष बीज निगम, यूडीएच के प्रमुख सचिव टी रविकांत को अध्यक्ष जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, आईटी विभाग की प्रमुख सचिव आरती डोगरा को अध्यक्ष राजकॉम्प इंफो सर्विसेज लिमिटेड, उद्यानिकी आयुक्त लक्ष्मण सिंह कुड़ी को निदेशक कृषि विपणन और प्रशासक कृषि विपणन बोर्ड का अतिरिक्त चार्ज दिया है। देवस्थान आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी को निदेशक खान, पर्यटन विभाग की निदेशक रश्मि शर्मा को सीईओ मेला विकास प्राधिकरण, जोधपुर कलेक्टर गौरव अग्रवाल को जोधपुर ग्रामीण कलेक्टर और बीडा के सीईओ सलोनी खेमका को डिप्टी सीईओ खुशखेड़ा-भिवाड़ी-नीमराना क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त चार्ज दिया है।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने गहरी संवेदना व्यक्त की

# कुशल प्रशासक व सिद्धान्तवादी व्यक्ति थे हरि शंकर भाभड़ा: देवनानी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरि शंकर भाभड़ा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। देवनानी ने कहा है कि स्वर्गीय भाभड़ा कुशल एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि थे। वे स्पष्टवादी और ईमानदार व्यक्ति रहे।

देवनानी ने कहा है कि स्व. भाभड़ा दो बार राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष रहे। कुशल प्रशासक भाभड़ा ने विधानसभा के नये भवन की नींव रखी थी।



वे सिद्धान्तवादी व्यक्ति थे। उन्होंने प्रदेश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाई। उनके निधन से प्रदेश की राजनीति में अपूरणीय क्षति हुई है। देवनानी ने कहा कि स्व. भाभड़ा छात्र जीवन से ही स्वतन्त्रता आन्दोलन में सक्रिय रहे।

### विधानसभा में रहा अवकाश

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरि शंकर भाभड़ा के निधन पर गुरूवार को विधानसभा में अवकाश घोषित किया। विधानसभा सचिवालय के अधिकारी परिषद सहित सचिवालय के विभिन्न कर्मचारी संघों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरि शंकर भाभड़ा के निधन पर संवेदना व्यक्त की है।

## देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने दिखाई हरी झंडी

# रामलला के दर्शनों को तीर्थयात्री रवाना

**बेधड़क | जयपुर**

अयोध्या स्थित प्रभु श्री रामलला के दर्शनों के लिए जयपुर समेत प्रदेशभर के बुजुर्गों का पहला दल गुरुवार शाम को जगतपुरा खातीपुरा रेलवे स्टेशन से रवाना हो गया।

देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इससे पहले कुमावत ने रामभक्तों को अयोध्या की निशुल्क यात्रा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल को धन्यवाद दिया। कुमावत ने कहा कि पांच सौ सालों के लंबे इंतजार



और आंदोलन के बाद कोर्ट का फैसला मंदिर निर्माण के पक्ष में आया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ढाई साल के अल्प समय में ही राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संभव हो सकी। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। देवस्थान विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए मंत्री ने कहा कि उन्होंने समय पर यात्रियों के अयोध्या यात्रा की सुचारू व्यवस्था की। उन्होंने अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश भी प्रदान किए। कुमावत ने बताया कि 5 तारीख को जोधपुर से एक दूसरी ट्रेन भी रवाना होगी जो मेड़ता सिटी होती हुई अयोध्या जाएगी। उन्होंने सभी यात्रियों को बधाई और शुभकामना देते उनकी सफल और निर्विघ्न यात्रा की कामना की। देवस्थान मंत्री ने ट्रेन में व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और तीर्थयात्रियों से बात भी की। पांच दिवसीय इस यात्रा में बुजुर्गों को अयोध्या के रामलला के दर्शनों के साथ ही हरिद्वार और ऋषिकेष तीर्थस्थलों का भी भ्रमण करवाया जाएगा। ट्रेन में एक मंदिर भी बनाया गया है।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने किया न्यू रेवाड़ी-न्यू खुर्जा डीएफसी रेल सेक्शन का लोकार्पण

# पश्चिम से जुड़ा पूरब, नए रेलवे ट्रेक पर बुलेट की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें

**बेधड़क | जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यूपी के बुलंदशहर से न्यू रेवाड़ी और न्यू खुर्जा इलेक्ट्रीफाइड डबल लाइन रेल सेक्शन का लोकार्पण किया। प्रदेश व राजधानी जयपुर को भी इस नए डीएफसी रेल सेक्शन से फायदा मिलने वाला है।

वह इसलिए कि इस नए डीएफसी सेक्शन के शुरु होने पर जयपुर व अजमेर डिवीजन से गुजरने वाली गुड्स ट्रेनें वर्तमान भारतीय रेल ट्रेक की बजाय इस नए ट्रेक से गुजर सकेंगी। गुड्स ट्रेनों को जयपुर जंक्शन व उपनगरीय स्टेशन होकर आने की



भी जरूरत नहीं रहेगी। ये ट्रेनें सीधे डीएफसी ट्रैक पर जाकर कम समय में गंतव्य पहुंच सकेंगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर यह ट्रेक पैसेंजर ट्रेनों के भी काम आ सकेगा। जयपुर जंक्शन पर गुड्स ट्रेनों नहीं आने पर पैसेंजर ट्रेनों को निर्बाध रास्तासे ये ट्रेंने कम समय में गंतव्य तक पहुंच सकेंगी। नए सेक्शन से पश्चिमी और पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर आपस में जुड़ गया है यानि देश का पश्चिम व पूरब हिस्सा जुड़ गए। नए ट्रेक पर गुड्स ट्रेनें 100 किमी प्रति घंटें की रफ्तार से यानि बुलेट की रफ्तार से दौड़ सकेंगी। अब बंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट से आने वाली गुड्स ट्रेनों को दिल्ली व यूपी पहुंचने में 3 दिन से भी ज्यादा समय लगता था। वह 24 घंटें से कम समय में नए ट्रेक से राजस्थान होते हुए यूपी व हरियाणा से जुड़ सकेंगी।

वहीं इसका सबसे ज्यादा किसानों सेक्शन के एक हिस्सा का लोकार्पण कार्यक्रम न्यू रेवाड़ी डीएफसी रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया। इस मौके पर जयपुर डीआरएम विकास पुरवार, सीपीआरओ कैप्टन शशिकरण, सीनियर डीसीएम के के मीना, सीनियर डीओएम विजय सिंह समेत रेलवे अधिकारी पहुंचे।

### फेक्ट फाइल


- लंबाई- 173 किलोमीटर
- लागत-10,141 करोड़
- डीएफसी स्टेशन- छह (न्यू बोरकी, न्यू दादरी, न्यू फरीदाबाद, न्यू पृथला, न्यू ताउरू और न्यू धारुहेड़ा )
- जुड़ने वाले राज्य व जिले- राजस्थान- अलवर। यूपी- बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर। हरियाणा- फरीदाबाद, पलवल, गुड़गांव, मेवात और रेवाड़ी
- सेक्शन में दुनिया में अपनी तरह की है पहली सुरंग
- नए सेक्शन में हाईराइज ओएचई से इलेक्ट्रीफाइड एक किमी. लंबी डबल लाईन रेल सुरंग बनाई गई है। डीएफसी का दावा है कि यह दुनियां में अपनी तरह की पहली सुरंग है। इस सुरंग से डबल स्टैक कंटेनर ट्रेनों को निर्बाध रूप से संचालित करने में डिजाइन किया गया है। इस सेक्शन में 3 नदी पुल, 3 रेल फ्लाईओवर, 24 प्रमुख पुल, 79 छोटे पुल, 16 रोड ओवरब्रिज (आरओबी), 32 प्रमुख रोड अंडरब्रिज (आरयूबी), 17 रोड अंडरब्रिज (लघु) और 8 फुट ओवरब्रिज (एफओबी) हैं। यह सेक्शसन 4.54 किमी लंबे रेल फ्लाईओवर (आरएफओ) के माध्यम से डीएफसी को दादरी में भारतीय रेल से जोड़ता है और इसके साथ ही यह पलवल के पास असावटी में भी डीएफसी को भारतीय रेल से जोड़ता है।

### परियोजना से लाभ

- मालगाड़ियो को 100 कि.मी. प्रति घंटे तक चलाने की क्षमता, यात्री ट्रेनों की समय पालनता में सुधार
- प्रमुख कंटेनर डिपो से जुड़ाव एवं कंटेनर और एक्सिम यातायात का सुरक्षित और त्वरित आवागमन
- भारी और लंबी मालगाड़ियों का संचालन
- मार्ग के प्रमुख शहरों के लिए औद्योगिक विकास के अवसर
- एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण के स्तर में कमी

## राजधानी में रोड शो के बाद पीएम और फ्रांस के राष्ट्रपति ने किया हवामहल का अवलोकन

# मैक्रों हमारी विरासत से अभिभूत, पीएम मोदी के संग हवामहल पर ली सेल्फी



**बेधड़क** | जयपुर

रोड शो पर पिंकसकटी आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हवामहल का अवलोकन किया। दोनों ने करीब 10 मिनट यहां पर बिताए। इस दौरान मैक्रों हवामहल बनावट देखकर खासे प्रभावित हुए। उसमें इतनी खिड़किया देखकर वे रोमांचित हो उठे। उन्होंने ऐतिहासिक जानकारी लेने के साथ ही वहां उपस्थित अधिकारियों से इसकी बनावट और खिड़कियों की संख्या के बारे में जाना? उन्होंने पीएम मोदी के साथ सेल्फी भी ली।









### मैक्रों के साथ सेल्फी लेने की मची होड़

राष्ट्रपति मैक्रों ने आमेर में जयपुर की सांस्कृतिक विरासत को बारीकी से समझा। इस दौरान पास ही खड़े लोगों में मैक्रों के साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई। राष्ट्रपति मैक्रों ने भी हल्की मुस्कान के साथ लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।



### परकोटा एरिया में रंगोली, रोशनी से नहाया अल्बर्ट हॉल

पीएम मोदी व राष्ट्रपति मैक्रों के जयपुर आगमन पर परकोटा एरिया को रंगीन रोशनी से सजाया गया। सड़क के दोनों और रंगोली बनाई गई। रोड शो वाले जगहों पर मोदी व मैक्रों के बड़े होल्डिंग लगाए गए थे। कई स्थानों पर राम मंदिर की प्रतिकृति की फोटो भी लगाई गई थी। अल्बर्ट हॉल पर भी विशेष सजावट की गई।

### जयपुर के लोगों ने किया फूलों से स्वागत

जयपुर में रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोग पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का स्वागत करते दिखे। रोड शो के दौरान सड़क के दोनों ओर पीएम मोदी व फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को देखने के लिए लोगों का हुजूम मौजूद रहा। दोनों ही नेताओं ने हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया।



फोटो: राजेश कुमावत, पंकज शर्मा

## नमो नवमतदाता सम्मेलन में बोले पीएम...

# युवाओं का वोट तय करेगा विकसित भारत की दिशा

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गुरुवार को भाजपा युवा मोर्चा की ओर से प्रदेश भर में नमो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किए गए। प्रदेश भर में 470 स्थानों पर नव मतदाताओं ने भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ वर्चयुल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना।

जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मोदी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। इस अवसर पर मोदी ने फर्स्ट टाइम युवा वोटरों से कहा कि भारत को विकसित बनाने में योगदान दें। पीएम मोदी ने युवा वाटरों से कहा कि आपका एक वोट देश की दिशा तय करेगा।



पीएम मोदी ने युवा वाटरों से कहा, 'आज जब देश 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो आपका वोट ये तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी।

जिस तरह 1947 से 25 साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र कराने का दारोमदार था। उसी तरह 2047 तक यानी 25 सालों में आप पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है।

### मोदी ने बताई एक वोट की ताकत

पीएम मोदी ने कहा 'आपका एक वोट और देश के विकास की दिशा दोनों आपस में जुड़े हुए हैं। आपका एक वोट, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा। आपका एक वोट, भारत में एक स्थिर और बड़े बहुमत वाली सरकार लाएगा। आपका एक वोट, भारत में तेज रिफॉर्म की गति को और तेजी देगा। आपका एक वोट, डिजिटल क्रांति को और ऊर्जा देगा। आपका एक वोट, भारत को अपने दम पर अंतरिक्ष में पहुंचाएगा। आपका एक वोट, भारत में पहला पैसेंजर एयरक्रॉफ्ट बनाएगा। आपका एक वोट, दुनिया में भारत की साख और बढ़ाएगा। कार्यक्रम में शामिल हुए जेपी नड्डा ने कहा कि 'मैं तमाम नवमतदाताओं, जो लगभग 5,800 स्थानों से बड़ी संख्या में डिजिटल माध्यम से जुड़े हैं, का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूं।

### प्रदेश के 470 स्थानों से नवमतदाताओं ने सुना मोदी का संबोधन

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजपा युवा मोर्चा की ओर से देश भर में 470 स्थानों पर आयोजित सम्मेलन में नव मतदाताओं ने भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ वर्चयुल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची ने बताया कि नमो ऐप से युवा जुड़ रहे हैं और केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर रहे हैं।

## नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती

# मांगें नहीं मानी तो धरने के साथ अनशन शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती अभ्यर्थियों का धरना आठवें दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड में धरने पर अभ्यर्थियों की मांग नहीं मानने पर रोष है। इसके बाद अब अभ्यर्थियों ने अनशन पर बैठने का निर्णय लिया है।

गुरुवार को 11 अभ्यर्थियों ने क्रमिक अनसन शुरू कर दिया गया है। इसमें कल्पना गरवा, अनिता प्रजापत, सुमित्रा, कविता चौधरी, मंजू, विकास मीणा, भानु सिंह भाटी, नरेन्द्र कुमार, हेतराम, सर्वेश गुर्जर, पिंटू मीणा शामिल थे। साथ ही धरनास्थल पर हनुमान चालीसा पाठ किया और कैंडल मार्च निकाला गया। वहीं, शुक्रवार को संघर्ष समिति की ओर से गणतंत्र दिवस के अवसर पर धरनास्थल पर ही झंडारोहण किया जाएगा। शिफू से गांधी सर्किल तक पैदल शांति मार्च का ऐलान किया गया व क्रमिक अनशन जारी रखने का निर्णय लिया गया।

गौरतलब है कि फार्मासिस्ट नर्सिंग पैरामेडिकल संघर्ष समिति के संयुक्त आह्वान पर प्रदेश के सैकड़ों महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी धरने पर बैठे हैं।

## जरूरी खबर

### नाबालिग छात्रा से रेप के आरोपी को उम्रकैद की सजा



**बूंदी।** बूंदी जिले में एक नाबालिग छात्रा से रेप के मामले में कोर्ट ने कोचिंग संचालक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। 3 जनवरी 2021 को पीड़िता की मां ने स्थानीय थाने में आरोपी के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था। गुरुवार को इस मामले में पॉक्सो कोर्ट संख्या एक ने फैसला सुनाते हुए कोचिंग संचालक आरिफ अंसारी को आजीवन कारावास व अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा सुनाते हुए 200000 के आर्थिक दंड की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह का अपराध गंभीर है। आरोपी आरिफ अंसारी को अब अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा।

### आबूरोड में जब्त शराब की 1350 पेटियां नष्ट

**सिरोही।** आबूरोड स्थित सदर पुलिस थाना परिसर में अवैध शराब की 1350 पेटियां नष्ट की गई। यह शराब अलग-अलग मामले में जब्त की गई थी, जिसे गुरुवार को आबूरोड सदर पुलिस और आबकारी विभाग के संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नष्ट कर दिया। आबूरोड सदर पुलिस थानाधिकारी हरचंदराम देवासी, जिला आबकारी अधिकारी सिरोही संतोष कुमार, आबकारी निरीक्षक वृत आबूरोड रविन्द्रप्रतापसिंह, पुलिस थाना आबूरोड सदर के हेडकांस्टेबल सुल्तानसिंह और कांस्टेबल पूरणसिंह की टीम ने 5 प्रकरणों में अवैध शराब की 1350 पेटियां जब्त की थीं, जिसे अब नष्ट कर दिया गया है।

### दौसा में नमो नवमतदाता सम्मेलन आयोजित



**दौसा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से दौसा के संजीवन कॉलेज में नमो नवमतदाता सम्मेलन का अयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के जरिए युवाओं को वोट की ताकत समझाई। सम्मेलन में बतौर अतिथि सामने हुए युवा भाजपा नेता एडवोकेट रविन्द्र मीणा ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं के हर सपने को साकार करेगी। सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए और प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुना। सम्मेलन को पूर्व विधायक शंकरलाल शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा ने भी संबोधित किया।

भरतपुर के जाटों को मिला पूर्व सांसद का साथ, 9 दिन से उच्चैन में जारी है महापड़ाव

# जाट आरक्षण आंदोलन सरकार की गलती का नतीजा: सांसद

बेधड़क | भरतपुर



केंद्र की सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांग लेकर धरने पर बैठे भरतपुर के जाटों को पूर्व सांसद पंडित रामकिशन का साथ मिला है। गुरुवार को पंडित रामकिशन उच्चैन उपखंड के जयचौली गांव में चल रहे जाट आरक्षण आंदोलन के महापड़ाव में पहुंचे।

उन्होंने जाट आरक्षण आंदोलन संघर्ष समिति के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान भरतपुर-धौलपुर जाट आरक्षण आंदोलन संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार सहित अन्य लोग भी वहां मौजूद थे। बातचीत के दौरान पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि यह आंदोलन सरकार की गलती का नतीजा है।

उन्होंने यह भी कहा कि अब जब राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार है तो सरकार को भरतपुर और धौलपुर के जाटों को आरक्षण दे देना चाहिए। मालूम हो कि पूर्व सांसद पंडित रामकिशन भरतपुर के वयोवृद्ध नेता हैं। वो समाजवादी पार्टी से सांसद रहे हैं। उन्हें भरतपुर में राजनीति का सबसे पुराना पुरोधा माना जाता है। राज्य का कोई भी बड़ा नेता जब भरतपुर पहुंचता हैं तो वो पंडित रामकिशन से मिलने जरूर जाता है। ऐसे में पंडित रामकिशन का साथ जाट आरक्षण आंदोलन समिति को मिलना बड़ी बात मानी जा रही है। बताते चले कि केंद्र की सरकारी नौकरियों में ओबीसी वर्ग में लाभ लेने के लिए आरक्षण की मांग को लेकर के 9 दिनों से उच्चैन उपखंड के गांव जयचौली में जाट समाज के द्वारा महापड़ाव डाला हुआ है। आंदोलनरत जाट समाज के प्रतिनिधियों की सरकार से बातचीत भी हुई, लेकिन अभी तक कोई निदान नहीं निकल सका है। ऐसे में इस आंदोलन के अब गरमाने की बात कही जा रही है।

### क्यों नहीं मिल रहा जाटों को आरक्षण

मालूम हो कि भरतपुर और धौलपुर के जाटों के अलावा प्रदेश के अन्य सभी जिलों के जाटों को आरक्षण का लाभ मिल रहा है। लेकिन भरतपुर और धौलपुर के जाटों को इसलिए आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाता क्योंकि वो राजपरिवार के हैं। एक समय में भरतपुर और धौलपुर में जाट का राज था। लेकिन अब भरतपुर और धौलपुर के जाट समाज के लोग भी केंद्र सरकार की नौकरियों में ओबीसी के तहत आरक्षण की मांग कर रहे हैं। पंडित रामकिशन ने कहा कि जाटों की मांग जायज हैं। सरकार को उन्हें भी आरक्षण देना चाहिए।

### अब लड़ाई आर-पार की होगी: फौजदार

दूसरी ओर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने कहा कि यह आरक्षण की लड़ाई अब आर-पार होनी है और कभी भी दिल्ली मुंबई रेलवे ट्रैक के साथ हाईवे को जाम किया जा सकता है। अगर वह कहते हैं कि यहां राज था तो राज तो हिंदुस्तान में सभी जगह था। बांसवाड़ा में भीलों का राज था, ढूढांड में मीणाओं का राज था। सभी जगह चले जाओ सभी जातियों का अलग-अलग राज था। अगर इन्हें राज के आधार पर वंचित किया जा रहा है तो जाट समुदाय की गलती नहीं है। फौजदार ने बताया कि सरकार ने जाट आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को जयपुर वार्ता के लिए बुलाया था। हमारी सरकार के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता हुई लेकिन सरकार आरक्षण के मामले को लेकर गंभीर नहीं है। सीएम भजनलाल शर्मा भरतपुर के निवासी हैं अगर वह इस आरक्षण को लेकर गंभीर होते तो हमसे वार्ता करते और केंद्र सरकार को अवगत कराते। अब जगह-जगह महापड़ाव चलेंगे और समाज के लोगों को यह सूचित कर दिया है कि वह अपने-अपने गांव पर अलर्ट पर रहे कभी भी चक्का जाम का संदेश पहुंच सकता है।

कोटा के प्रसाद भवन के नए हॉल का किया लोकार्पण

# गठबंधनों का युग अब समाप्त जनता चुनती है मजबूत सरकार

बेधड़क | कोटा

लोकसभा स्पीकर ने पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल पर उठाए सवाल



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला गुरुवार को कोटा के दौरे पर रहे। यहां वो स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज के गोबरिया बावड़ी स्थित प्रसाद भवन में रेनोवेट हुए नए हॉल के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए।

वहीं, समारोह को संबोधित करते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि साल 2014 के पहले लोग सोचते थे कि देश में कभी गठबंधन के अलावा सरकार बन ही नहीं सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि 20 सालों तक गठबंधन की सरकार चली थी। पहले अटल बिहारी वाजपेयी और फिर मनमोहन सिंह के नेतृत्व में गठबंधन की सरकारें रही, लेकिन उसके बाद देश के मतदाताओं ने एक मजबूत सरकार की आवश्यकता को महसूस किया और इसके साथ ही गठबंधन का युग समाप्त हो गया।

स्मार्ट सिटी के तहत तैयार हुए दशहरा मैदान की बात करते हुए बिरला ने कहा कि पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने अपने कार्यकाल के दौरान कई चीजों पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने वहां जो जो पत्थर लगवाए थे, वो टूट गए थे। उसे भी ठीक नहीं किया गया। ये भाजपा के शासन में बना है। ऐसे में वो क्यों उस पर ध्यान दें। बिरला ने कहा कि सरकारें आती जाती रहती हैं। सरकार हमारे हाथ में नहीं है। ये फैसला तो जनता जनार्दन के हाथों में होता है। आज का मतदाता काफी सोच समझकर मतदान करता है। सभी शिक्षित हैं।

### धारीवाल कुछ और ही सोच रहे थे

स्पीकर बिरला ने पूर्व मंत्री धारीवाल पर तंज कंसते हुए कहा कि उनकी सोच कुछ और थी। मैं चाहता था कि कोटा में नए संयंत्र स्थापित हो, यह बड़े प्लांट लगने से छोटे एमएसएमई सेक्टर को भी फायदा पहुंचता है और इससे रोजगार बढ़ता है, लेकिन उनका ध्यान कुछ और करने में था। हर व्यक्ति की रुचि अलग होती है। इसी तरह से उन्हें चौराहे बनाने में ज्यादा विश्वास था। इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों से उन्होंने कहा कि आप निश्चिंत रहिए, आपकी जो अपेक्षा व आशाएं हैं, वे आप बताते रहे। कोई भी कठिनाई या फिर परेशानी होगी तो उसका समाधान किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति बड़ी इंडस्ट्री लगाने के लिए इच्छा जाहिर करता है तो उसकी जानकारी उन्हें दें। वो खुद उससे बात करेंगे और कोटा में इंडस्ट्री लगवाने के प्रयास करेंगे।

### जाहिर की हवाई यात्रियों की चिंता

बिरला ने कहा कि नई सरकार ने आते ही एयरपोर्ट की सभी बाधाओं को दूर कर दिया है। जो भी पैसे जमा कराए जाने थे, उसे राज्य सरकार ने जमा करा दिया है। अब जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए डीपीआर बनाने का काम भी शुरू हो गया है। वहीं, उन्होंने कहा कि उन्हें अब इस बात की चिंता है कि एयरपोर्ट बनने के बाद क्या लोग यहां से हवाई सफर करेंगे या नहीं। ऐसा इसलिए क्योंकि कोटा से जयपुर की दूरी महज ढाई घंटे और दिल्ली की दूरी चार घंटे की है।

### 17412 स्ट्रीट वेंडर्स को दिए 18.40 करोड़

कोटा के दशहरा मैदान में प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत लाभान्वित परिवार के लिए सम्मान समारोह व लोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने की। वहीं, मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत कराड, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा और कल्पना देवी मौजूद थीं। इस दौरान कार्यक्रम में लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। साथ ही वित्त राज्य मंत्री कराड ने कहा कि कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र में 17412 लाभार्थियों को स्वनिधि के जरिए स्ट्रीट वेंडर का लोन बांटा गया है। ये राशि 18.40 करोड़ है, जिसे मंत्री ने एक बड़ा अमाउंट बताया। स्पीकर बिरला कहा कि जब वे मार्केट से निकलते थे, तब स्ट्रीट वेंडर के हालात को देखकर उन्हें दुख होता था। ऐसे में अब इस योजना के जरिए उनके हालात में सुधार किया जा रहा है।

दो इनामी बदमाशों को दबोचा

# धौलपुर में पुलिस और डकैतों के बीच मुठभेड़



बेधड़क | धौलपुर

जिला पुलिस ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सरमथुरा थाना क्षेत्र के डोमई गांव के जंगलों में मुठभेड़ के दौरान 25-25 के इनामी डकैत अजीत ठाकुर एवं कल्याण ठाकुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मुठभेड़ में दोनों डकैत घायल हो गए जिन्हें सरमथुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

उपचार के बाद पुलिस द्वारा पूछताछ की जाएगी। सीओ बाबूलाल मीणा ने बताया कि, वांछित अपराधी और बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है। उन्होंने बताया मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि, 25-25 हजार के इनामी डकैत अजीत ठाकुर और कल्याण ठाकुर करौली जिले के मडराल क्षेत्र में छिपे हुए हैं। मुखबिर की सूचना पर सैपऊ, कंचनपुर एवं सरमथुरा पुलिस थाने से टीम का गठन किया गया। कार्रवाई में साइबर सेल को भी शामिल कर डकैतों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम को मंडरायल भेजा गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जैसे ही डकैतों को पकड़ने का प्रयास किया तो बाइक से दोनों डकैत फरार हो गए।

### दोनों डकैतों को लगी पैर में गोली

पुलिस टीम ने लगातार डकैतों का पीछा किया। डकैत पुलिस के दबाव को देख सरमथुरा थाना क्षेत्र में घुस गए जहां डोमई गांव के पास जंगलों में बाइक फिसल कर गिर गई। इस दौरान दोनों डकैतों ने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। डिफेंस में पुलिस ने भी बचाव करते हुए डकैतों पर गोली चलाई लेकिन दोनों डकैत जंगल में गहरे गड्ढे में गिरने से घायल हो गए।

हत्यारे ने पहले मृतक की मां से की थी मारपीट

# जमीन विवाद में दो लोगों की हत्या करने के बाद शव खेत में फेंके

बेधड़क | उदयपुर

जिले के बड़गांव थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते दो जनों की हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना लोसिंग इलाके की है। पुलिस को लोसिंग इलाके में दो युवकों के शव मिले हैं। जिनमें पहले मृतक का नाम तेजसिंह और दूसरे का नाम सोनू घांची है।

बता दें कि मृतक सोनू घांची हिस्ट्रीशीटर भी रह चुका है। वहीं दूसरा मृतक तेज सिंह की हत्या उसके चाचा और उसके बेटे ने की है। तेजसिंह और सोनू घांची दोनों ही मित्र है। दोनों ही मृतकों के शव कुछ ही दूरी पर मिले हैं। इधर, घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़गांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची है।

हत्यारे ने पहले मृतक की मां से मारपीट की, फिर मां के साथ हुई मारपीट का बदला लेने पहुंचे बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि लोसिंग हाल मीरानगर निवासी तेजसिंह उर्फ जय पुत्र उदयसिंह के चाचा मोहन सिंह से जमीन को लेकर विवाद था। तेजसिंह की मां लोसिंग में रहती है। वह अपने खेत में काम कर रही थी। तब मोहनसिंह ने उसके साथ मारपीट कर दी। पता चलने पर तेजसिंह शहर से बड़गांव थाने पहुंचा।

रिपोर्ट दर्ज करवाने के बाद शाम को वह लोसिंग पहुंचा। जहां खेत में उस पर चाकू व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। उसके सिर में 4 और सीने पर 2 बार हुए वॉर से लहूलुहान तेज सिंह बेदम होकर गिर गया। वहीं आरोपी उसे पास के ही खेत में डालकर भाग गए।

अंतरराष्ट्रीय सूफी समुदाय की भागीदारी का जताया आभार

# यूरोप से गरीब नवाज की दरगाह पहुंचे सूफी

बेधड़क | अजमेर



अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह के गद्दीनशीन और चिश्ती फाउंडेशन के अध्यक्ष हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस सहित विभिन्न यूरोपीय संघ देशों से आए सूफी यात्रियों के एक समूह की मेजबानी करते हुए गर्मजोशी से स्वागत किया।

जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली, साइप्रस, तुर्की, सिंगापुर, नीदरलैंड, साथ ही भारत के विभिन्न राज्य के लोग इसमें शामिल हुए। यह विविध मुलाक़ात अजमेर दरगाह दरबार शरीफ में ख्वाजा गरीब नवाज (आर) के श्रद्धेय 800 साल पुराने सूफी तीर्थ पर हुआ, जो दक्षिण एशिया में चिश्ती सूफी आदेश की धन्य गद्दी के रूप में प्रतीक है। यह अनोखी सभा आध्यात्मिक यात्रा पर दिलों की तलाश के संगम का प्रतिनिधित्व करती है, जो सूफी पथ के प्रति उनकी भक्ति से एकजुट होते हैं। यह सभा राष्ट्रों के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने, भारत के सूफी सर्किट के महत्व को रेखांकित करती है। हाजी सैयद सलमान चिश्ती गद्दी नशीन ने अजमेर शरीफ में इस आध्यात्मिक सभा में अंतर्राष्ट्रीय सूफी समुदाय की भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने प्रार्थना करी कि उपस्थित लोगों पर रूहानी कृपा हमेशा बनी रहे, उनकी आध्यात्मिक यात्रा के लिए आशीर्वाद और आनंद का आह्वान किया जाए। बता दें कि हाजी सैयद सलमान चिश्ती दरगाह अजमेर शरीफ में 26वीं पीढ़ी के गद्दी नशीन हैं और चिश्ती फाउंडेशन के अध्यक्ष एक प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता और अजमेर दरगाह दरबार शरीफ के प्रमुख कुंजी धारक हैं।

जांच में खुलासा, पांच अभ्यर्थियों के खिलाफ केस दर्ज

# सरकारी नौकरी के लिए लगाई 10वीं की फर्जी मार्कशीट

बेधड़क | अलवर



अलवर से डाक सेवक की नौकरी में फर्जीवाड़ा सामने आया है। अलवर के 5 अभ्यर्थियों ने नौकरी के लिए दसवीं की फर्जी मार्कशीट लगा दी।

जांच में फर्जीवाड़ा सामना आने के बाद पांचों की नियुक्ति पर रोक लगा दी गई है। साथ ही पांचों के खिलाफ अलवर शहर के अरावली विहार थाना में फर्जी मार्कशीट से नौकरी पाने का मामला दर्ज करवाया है। पांचों अभ्यर्थियों ने तमिलानाडू से दसवीं पास करने की फर्जी मार्कशीट को लगाया था। डाक विभाग के प्रवर अधीक्षक झब्बार ने बताया कि एक अभ्यर्थी हितेश पुत्र हरिनारायण यादव निवासी वार्ड नंबर 3 होली टीबा के पास तिजारा, शैलेंद्र कुमार पुत्र सत्यनारायण निवासी मुंडिया खेड़ा मुंडावर, पिंटू कुमार पुत्र कैलाश चंद मीणा निवासी नेथला निठारी मालाखेड़ा, साहिल पुत्र अशोक कुमार कठुवास रेवाड़ी और मनीषा नैना पुत्री राजू निवासी ऊंचा माजरा पाटौदी गुड़गांव की नियुक्ति पर रोक लगाई गई है। पांचों अभ्यर्थियों के खिलाफ अलवर शहर के अरावली विहार थाना में फर्जी मार्कशीट से नौकरी पाने का मामला दर्ज करवाया है। पांचों अभ्यर्थियों ने तमिलानाडू से दसवीं पास करने की फर्जी मार्कशीट को लगाया था।

### डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन में खुला राज

सभी ने बोर्ड ऑफ सेकंडरी एक्जामिनेशन तमिलनाडू से दसवीं करने की मार्कशीट को अपने डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन के समय लगाया था। जो जांच में फर्जी मिली हैं। वहीं झब्बार ने बताया कि भर्ती में पास होने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेज जांच के लिए संबंधित बोर्ड को भेजे जाते हैं। वहां से दस्तावेज वैरीफाई होते हैं, तब नियुक्ति दी जाती है।

### तमिलनाडू बोर्ड ने साफ मना किया

इन पांचों अभ्यर्थियों के पास बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन तमिलनाडू से 10वीं पास की मार्कशीट थी। जिसका विभाग के जरिए 16 जनवरी को वैरीफिकेशन कराया गया था। जिस पर तमिलनाडू बोर्ड ने साफ मना कर दिया कि ये मार्कशीट उनकी नहीं है। इसके बाद ग्रामीण डाक सेवक के पद पर भर्ती हुए पांचों अभ्यर्थियों की नियुक्ति रोक लगा दी गई। झब्बार ने बताया कि अलवर में 2022-23 में 35 डाक सेवक भर्ती हुए हैं। जिनमें से अधिकतर की ज्वाइनिंग हो चुकी है। इन पांच के दस्तावेज फर्जी मिले हैं। इसलिए ज्वाइनिंग को रोका गया है।

पुलिसकर्मियों को दी ट्रेनिंग

# अपराधियों से निपटने के लिए दिया प्रशिक्षण

बेधड़क | जोधपुर

जोधपुर ग्रामीण की पुलिस टीम का वार्षिक फायरिंग प्रशिक्षण गोलासनी फायरिंग रेंज में शुरू हुआ। गुरुवार को जोधपुर रेंज के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने फायरिंग का अभ्यास किया।

पुलिस कर्मियों ने आधुनिक हथियारों के साथ हथियार चलाने का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान टीम ने रियल लाइफ सिचुएशन में किस प्रकार से काम करें, दौड़ते अपराधियों को पकड़ने, गाड़ियों के टायर ब्रस्ट करने आदि की ट्रेनिंग ली। एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया ट्रेनिंग के माध्यम से पुलिसकर्मियों को रियल लाइफ सिचुएशन में किस प्रकार से काम करें, अपराधियों को पकड़ने की रणनीति, चलती गाड़ियों के टायर ब्रस्ट करने आदि पर पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

बता दें कि हर साल पुलिस विभाग की ओर से अपने जवानों की तैयारी को रखने और अपराधियों को पकड़ने के लिए की ज्यादा तैयारी को देखते हुए वार्षिक फायरिंग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है, जिसमें आधुनिक तकनीक वाले हथियार चलाने से लेकर फील्ड में किस प्रकार से कम करें आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाता है। इस कड़ी में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इसमें ग्रामीण पुलिस के कई जवान ट्रेनिंग ले रहे हैं।

## चुनिंदा भारतीय संस्थानों के साथ मिलकर शोध प्रोजेक्ट के लिए डीएसटी की पहल

# VAIBHAV फेलोशिप के लिए भारतीय मूल के 22 विद्वान चयनित

### IIT, IISc, NIT जैसे संस्थानों के साथ करेंगे शोध

**बेधड़क** | नई दिल्ली

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने वैश्विक भारतीय वैज्ञानिक (VAIBHAV) फेलोशिप प्राप्त करने वाले पहले बैच की घोषणा कर दी है।

मंत्रालय को इस फेलोशिप के लिए विदेशों में स्थित भारतीय मूल के विद्वानों से कुल 302 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 22 प्रस्तावों का चयन किया गया है। 2020 में शुरू की गई VAIBHAV फेलोशिप का उद्देश्य भारतीय प्रवासियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी), भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) जैसे भारतीय संस्थानों से जोड़ना है, ताकि विज्ञान और इससे जुड़े अन्य क्षेत्रों में मेजबान विश्वविद्यालय के साथ एक शोध परियोजना शुरू की जा सके।



### प्रतिमाह मिलेंगे 4 लाख रुपए व अन्य अनुदान

VAIBHAV फेलो को प्रति माह 4 लाख रुपए, अंतरराष्ट्रीय और घरेलू यात्रा, आवास और आकस्मिक खर्च का अनुदान मिलेगा। शॉर्टलिस्ट किए गए 22 अध्येताओं में ज्यादातर कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, जिनेवा विश्वविद्यालय, ओस्लो विश्वविद्यालय, मिशिगन विश्वविद्यालय और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के विद्वान शामिल हैं। ये फेलो वैज्ञानिक सहयोग के लिए एक भारतीय संस्थान की पहचान करेंगे और अधिकतम 3 वर्षों तक एक वर्ष में दो महीने तक का समय व्यतीत करेंगे। आईआईटी मद्रास, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी कानपुर, आईआईटी रुड़की, आईआईएससी बेंगलुरु, एनआईटी कालीकट, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) मुंबई, आईआईएसईआर पुणे, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी तमिलनाडु जैसे संस्थान इस फेलोशिप प्रोग्राम में भाग ले रहे हैं। मंत्रालय ने भारतीय मूल के विद्वानों द्वारा चयनित भारतीय मेजबान और संस्थान विवरण की पूरी सूची भी जारी की है। स्वास्थ्य, चिकित्सा विज्ञान और बायोमेडिकल उपकरणों पर 5 प्रस्तावों का चयन किया गया है।

## Yuva स्टोरीज



### संगोष्ठी में साइबर एथिक्स पर हुई चर्चा

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग की ओर से साइबर एथिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन सीनेट हाल में किया गया। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एमएल कुमावत ने भाग लिया। मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. राकेश चंद्र ने साइबर एथिक्स व नवीन शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व डीजीपी उमेश मिश्र सहित विभिन्न गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने की।



### बच्चों ने साकार किया संतों का व्यक्तित्व

**जयपुर।** द पैलेस स्कूल, सिटी पैलेस के स्टूडेंट्स ने भक्तिकालीन श्रद्धेय संतों जैसे तुलसी दास, कबीर दास, मीरा बाई और सूफी फकीरों के व्यक्तित्व को प्रस्तुत करते हुए जीवंत भूमिका निभाई। चार समूहों में विभाजित सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने न केवल आकर्षक मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से इन ऐतिहासिक व्यक्तित्वों को जीवंत किया बल्कि पारंपरिक और आधुनिक शैक्षणिक दृष्टिकोण के साथ आकर्षक पावरपॉइंट प्रस्तुतियां भी तैयार कीं। छात्रों ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इन संतों द्वारा दी गई शिक्षाओं के महत्त्व को भी दर्शाया।

### इंडिया यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन

## ख्वाहिश ने लहराया जीत का परचम



**बेधड़क** | जयपुर

सीकर जिला स्थित फतेहपुर शेखावाटी की ख्वाहिश शर्मा ने तमिलनाडु में चल रहे खेलों इंडिया यूथ गेम्स-2023 में आयोजित शूटिंग चैंपियनशिप में जीत का परचम लहराया है। ख्वाहिश ने 50 मीटर राइफल शूटिंग में तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

ख्वाहिश ने दमदार प्रदर्शन से फाइनल राउंड में अपना स्थान बनाया। इस चैंपियनशिप में देशभर से हजारों प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया है। निमावत स्कूल की छात्रा ख्वाहिश ने कहा कि अच्छे कोच के निर्देशन में लगातार अभ्यास से वह इस मुकाम पर पहुंची है। उसे अभी एक लंबा सफर तय करना है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय कोच संजीव राजपूत को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

साथ ही कहा कि उनके संरक्षण में प्रशिक्षण लेना सम्मान की बात है। कोच संजीव राजपूत ने कहा कि ख्वाहिश काफी होनहार होने के साथ लक्ष्यप्राप्ति के प्रति संवेदनशील है। वह फाइनल में भी बेहतर प्रदर्शन करेगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों ख्वाहिश ने 25वीं अखिल भारतीय कुमार सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप-2023 (एयर वेपन) में स्वर्ण पदक जीता था।

## नव मतदाता सम्मेलन में बोले मंत्री झाबरसिंह खर्रा

# देश के विकास के लिए वोट करें फर्स्ट टाइम वोटर्स

### विधायक गोपाल शर्मा ने भी बताई वोट की अहमियत



**बेधड़क** | जयपुर

सोडाला स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के कैम्पस में गुरुवार को फर्स्ट टाइम वोटर्स का उत्साह परवान पर रहा। स्टूडेंट्स ने अपने वोट से देश की तकदीर लिखने का संकल्प लिया। मौका था यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित नव मतदाता सम्मेलन।

सम्मेलन को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। इस अवसर पर राज्य के स्वायत्त शासन और नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा व सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने युवा मतदाताओं को संबोधित किया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि आज आपका भविष्य सुरक्षित हाथों में हैं और देश तरक्की कर रहा है। देश के विकास के लिए वोट जरूर करें। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि आज आपका भविष्य सुरक्षित हाथों में हैं। आज जनधन योजना के अंतर्गत राजस्थान के तीन करोड़ 34 लाख परिवारों को सीधे खाते खुलने का अवसर प्राप्त हुआ। राजस्थान के ढाई करोड़ लोगों को रुपए कार्ड स्कीम से जोड़ा गया। उन्होंने अपने संस्मरण भी साझा किए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि आज का युवा अपना अमूल्य वोट देकर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकता है। इस अवसर पर पेरा ओलंपिक एथलीट देवेन्द्र झाझड़िया ने भी विद्यार्थियों को मोटिवेट किया।

### आपके वोट से देश बनेगा ताकतवर

मोदी सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से पीएम मोदी ने कहा कि आपका एक वोट देश के विकास की दिशा और दशा दोनों बदल सकते है। आपका वोट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा। पीएम ने फर्स्ट टाइम वोटर से सीधा संवाद करते हुए कहा कि युवाओं के लिए जरूरी है कि वे भारत का भाग्य उज्ज्वल बनाने के लिए वोट दें। यूनिवर्सिटी कैंपस में डेढ़ हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स को लाइव प्रसारण दिखाने के लिए बड़ी स्क्रीन और स्टेज बनाया गया। पीएम मोदी को लाइव सुनने के लिए स्टूडेंट्स में जबरदस्त क्रेज दिखा। कार्यक्रम का संचालन फेकल्टी पारुल रांका ने किया।





## आईआईटी में दिया सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

आईआईटी रुड़की के एनएसएस विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जयपुर के मुस्कान फाउंडेशन ने स्टूडेंट्स को सड़क-सुरक्षा पर प्रशिक्षण दिया। आईआईटी की ओर से मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी को आमंत्रित किया गया था।

यहां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महीने के अंतर्गत 100 से अधिक छात्रों के लिए एक सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके तहत छात्रों के सड़क सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया उपायों की जानकारी दी गई। संस्थान की डायरेक्टर प्रोजेक्ट्स नेहा खुल्लर और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर समीर नैनावत ने प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा का ज्ञान दिया।

प्रशिक्षण सत्र में सुरक्षित सड़क परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं, विधि संबंधित विचारों और सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को प्रथम सहायता प्रदान करने के आवश्यक कौशलों सहित विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया। सत्र के दौरान स्टूडेंट्स ने भी सवाल किए जिनके एक्सपर्ट्स ने जवाब दिए।

### GCU के स्टूडेंट्स ने की एजुकेशनल विजिट

मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी संस्था के हथरोई स्थित कार्यालय में गुजरात सेंट्रल यूनिवर्सिटी, गांधीनगर के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के स्टूडेंट्स ने शैक्षणिक विजिट किया। विद्यार्थियों की यह विजिट उनके पाठ्यक्रम का हिस्सा है जिसके अंतर्गत वह उन संस्थाओं से मिल रहे हैं जो अलग-अलग विषयों पर लोगों के साथ काम कर रहे हैं। विजिट के दौरान स्टूडेंट्स ने संस्था की शुरुआत और संस्था की ओर से किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी ली।



**आशाएं** | **12वीं के स्टूडेंट्स का फेयरवेल**

# आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने लिए विदा हुए सीनियर

**बेधड़क** | जयपुर

आंखों में साथियों से बिछड़ने का दर्द, कैंपस छोड़ने की उदासी सुनहरे भविष्य के मुस्कुराते सपनों के मिले जुले रंग मानसरोवर स्थित रायन इंटरनेशनल स्कूल में देखने को मिले। यहां स्कूल की 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स को विदा किया गया। विदाई समारोह में रायन समूह के सीईओ रायन पिण्टो भी शामिल हुए।

उन्होंने स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विशेष प्रार्थना की और स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर रायन प्रिंस हितेन वासू और रायन प्रिंसेस तनुश्री सक्सेना को चुना गया। विदाई समारोह के लिए कक्षा 11 के स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिनमें वेस्टर्न डांस, सॉन्ग व अन्य प्रस्तुतियों से छात्रों ने माहौल में समां बांध दिया। 12वीं के विद्यार्थियों ने भी मंच पर प्रस्तुतियां देने के साथ ही स्कूल से जुड़े अपने अनुभव व यादें साझा की। प्राचार्या सरिता कटियार ने बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।





### पोस्टर्स से नारी अधिकार संरक्षण का संदेश

**जयपुर।** टैगोर पब्लिक स्कूल में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्कूल के स्टूडेंट्स ने अपनी आर्ट स्किल्स का शानदार प्रदर्शन किया। महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से तथा देश की बेटियों को सशक्त बनाने के लिए आयोजित राष्ट्रीय बालिका दिवस के तहत यह आयोजजन किया गया था। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कक्षा 6, 7 व 8 के विद्यार्थियों के बीच एक अंतर-सदनीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्टूडेंट्स ने अपनी रचनात्मकता दिखाते हुए महिला अधिकारों तथा बालिका संरक्षण से संबंधित अनेक पोस्टर्स बनाए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टैगोर सदन ने प्राप्त किया। पोस्टर्स के माध्यम से अपनी रचनात्मकता दिखाने के साथ ही बच्चों ने विभिन्न गानों पर डांस प्रेजेन्टेशन के साथ नारी अधिकारों के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या भव्या राठौड़ ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जहां नारियों की पूजा व सम्मान होता है, वहीं देवताओं का निवास होता है।

# गणतंत्र पर गर्व करने का दिन 26 जनवरी



**अरविंद जयतिलक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज भारत राष्ट्र अपना 75 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस दिन यानी 26 जनवरी 1950 को भारत ने संसार को एक नए गणराज्य के गठन की सूचना दी। अपने संविधान को अमल में लाया। उस संविधान की भावना के अनुरूप ही भारत एक प्रभुता संपन्न गणतंत्रात्मक धर्मनिरपेक्ष समाजवादी राज्य बना। देश में संविधान का शासन है और संसद सर्वोच्च है। देश की आजादी के उपरांत हमारा उद्देश्य एक शक्तिशाली, स्वतंत्र और जनतांत्रिक भारत का निर्माण करना था। ऐसा भारत, जिसमें सभी नागरिकों को विकास और सेवा का समान अवसर मिले। ऐसा भारत जिसमें जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, आतंकवाद, नक्सलवाद, छुआछूत, हठधर्मिता, निरंकुशता और मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण के लिए स्थान न हो। इसीलिए हमारे संविधानविदों ने संविधान गढ़ते वक्त दुनिया के बेहतरीन संविधानों से अच्छे प्रावधानों को ग्रहण किया। मसलन, ब्रिटेन से संसदीय प्रणाली ग्रहण की।

संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से मौलिक अधिकार, सर्वोच्च न्यायालय कनाडा के संविधान से भारत का राज्यों का संघ होना, आयरलैंड के संविधान से राज्य-नीति के निदेशक सिद्धांत, ऑस्टेलिया के संविधान से समवर्ती सूची, जर्मनी के संविधान से राष्ट्रपति की संकटकालीन शक्तियों को स्रोत तथा दक्षिण अफ्रीका के संविधान से संवैधानिक संशोधन की प्रक्रिया जैसी महत्वपूर्ण बातें ग्रहण की। गौर करें तो भारतीय संविधान की ये सभी विशेषताएं भारतीय संविधान को उदारवादी और विकासवादी बनाती हैं। भारतीय संविधान भारत में सभी नागरिकों को ढेरों अधिकार दे रखा है जिससे उन्हें अपने व्यक्तित्व को संवारने की आजादी मिली हुई है। भारतीय संविधान में जाति, धर्म, रंग, लिंग, कुल, गरीब, अमीर आदि के आधार पर सभी समान है। जनमत पर आधारित भारतीय संविधान ने संसदीय शासन प्रणाली में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व प्रदान किया है। सत्ता प्राप्ति के लिए खुलकर प्रतियोगिता होती है और लोगों को चुनाव में वोट के द्वारा अयोग्य शासकों को हटाने का मौका मिलता है। भारतीय संविधान ने राज्य के लोगों की स्वतंत्रता और उनके अधिकारों में अनुचित हस्तक्षेप करने का अधिकार केंद्र या राज्य सरकारों को नहीं दिया है। संविधान के तहत राजनीतिक दल सभाओं, भाषणों, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं तथा अन्य संचार माध्यमों से जनता को अपनी नीतियों और सिद्धांतों से अवगत कराते हैं। विरोधी दल संसद में मंत्रियों से प्रश्न पूछकर, काम रोको प्रस्ताव रखकर तथा वाद-विवाद द्वारा सरकार के भूलों को प्रकाश में लाते हैं। सरकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए उसकी नीतियों और कार्यों की आलोचना करते हैं। भारतीय संविधान के मुताबिक संघीय शासन की स्थापना के बावजूद भी प्रत्येक नागरिक को इकहरी यानी एकल नागरिकता प्राप्त है और इससे राष्ट्र की भावनात्मक एकता की पुष्टि होती है। भारत का प्रत्येक नागरिक चाहे वह देश के किसी भी भाग में रहे भारत का ही नागरिक है। यहां संयुक्त राज्य अमेरिका की तरह राज्यों की कोई पृथक नागरिकता नहीं है। धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी इच्छानुसार शिक्षण संस्थाएं स्थापित करने तथा धन का प्रबंध करने का अधिकार है।

> *“इनोवशन इंडेक्स में भारत की रैंकिंग लगातार सुधर रही है। देश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई के जरिए लेन-देन बढ़ा है। एसबीआई के इकानॉमिक रिसर्च डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक यूपीआई लेन-देन की मात्रा वित्त वर्ष 2023 में 8.375 करोड़ हो गई है। यूपीआई से इसी अवधि में 6,947 करोड़ से बढ़कर 139 लाख करोड़ हो गया है। विनिर्माण क्षेत्र में ग्रोथ से भारत के निर्यात में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।”*

संविधान ने सुनिश्चित किया है कि शिक्षण-संस्थाओं को सहायता देते समय राज्य किसी शिक्षण संस्था के साथ इस आधार पर भेदभाव नहीं करता है कि वह संस्था धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है। इसी तरह भारतीय नागरिकों को सूचना प्राप्त करने का अधिकार हासिल है। इस व्यवस्था ने भारतीय नागरिकों को शासन-प्रशासन से सीधे सवाल-जवाब करने की नई लोकतांत्रिक धारणा को जन्म दी है। इस व्यवस्था से सरकारी कामकाज में सुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ा है, जिससे आर्थिक विकास को तीव्र करने, लोकतंत्र की गुणवत्ता बढ़ाने और भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। सूचना के अधिकार से सत्ता की निरंकुशता पर भी अंकुश लगा है। भारतीय संविधान ने भारत के स्वरूप को एक मृदु राज्य में तब्दील कर दिया है। उसी का नतीजा है कि भारत के प्रत्येक राज्यों में राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन हुआ है। इन आयोगों को विधिवत सुनवाई करने तथा दंड देने का अधिकार प्राप्त है। एक मृदु राज्य के रुप में तब्दील हो जाने के कारण ही सत्ता का विकेंद्रीकरण और स्थानीय स्तर पर स्वशासन की व्यवस्था सुनिश्चित हुआ है। निश्चित रूप से मृदु राज्य के रूप में तब्दील होने से भारत का तीव्र गति से विकास हो रहा है और उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता भी बनी हुई है। आज भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। उपभोक्ता खर्च में आई तेजी, घरेलू स्तर पर बढ़ी मांग और सेवा क्षेत्र में लगातार विस्तार ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नए मुकाम पर पहुंचा दिया है। आज भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आज भारत में सबसे ज्यादा स्मार्टफोन डेटा उपभोक्ता हैं। सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है। भारत तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## संविधान की रक्षा के लिए हम सभी भारतीयों को प्रतिबद्ध रहना चाहिए

# ताकि हमारे प्रजातंत्र पर न आए आंच



**डॉ. अमित वर्मा**
स्वतंत्र पत्रकार

> *“26 जनवरी का दिन हमारे लिए बड़ा ऐतिहासिक महत्व रखता है। 1950 से पहले भी इस तिथि को 1930 से हर साल स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता था। दिसंबर 1920 में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में रावी नदी के तट पर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने पूर्ण स्वराज की घोषणा की थी। इसलिए हमारे नेताओं ने 26 जनवरी 1930 को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता दिवस मनाने का फैसला किया था।”*

देश गणतंत्र को लोकतंत्र, प्रजातंत्र और जनतंत्र भी कहा जाता है, गणतंत्र का अर्थ है देश में रहने वाले लोगों की सर्वोच्च शक्ति और केवल जनता को ही देश को सही दिशा में ले जाने के लिए अपने प्रतिनिधियों को राजनीतिक नेता के रूप में चुनने का अधिकार है। भारतीय संविधान की शक्तियों के कारण ही हम देश में अपने पसंद का प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य नेता चुन सकते हैं। हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में पूर्ण स्वराज के लिए 200 वर्षों से भी अधिक समय तक संघर्ष किया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां किसी की गुलाम बनकर न रहे और स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों का निर्वहन कर सकें। अगर हम स्वाधीनता से पहले की बात करें तो हमारे देश में राजाओं, सम्राटों और ब्रिटिश सरकार का शासन रहा था। जब हमारा देश 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद हुआ तो उस समय भारत के पास अपना कोई संविधान नहीं था, लेकिन बाद में काफी विचार-विमर्श के बाद डॉ. बीआर अंबेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया और भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया गया। अगर इसके इतिहास की बात करें तो कहा जाता है कि संविधान निर्माण की प्रकिया 1946 से शुरू हुई और दिसंबर 1949 में इसका खाका बनकर तैयार हुआ। आजादी के बाद हमारे देश के राजनेताओं ने देश में लोकतंत्र की व्यवस्था को लागू करने के लिए एक संविधान बनाया, जिसे बनने में करीब 3 साल लगे (इस प्रक्रिया में कुल 2 साल, 11 महीने और 18 दिन लगे)।



भारतीय संविधान के इस मसौदे को विधान परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया और 26 नवंबर 1949 में इसे अपनाया गया, लेकिन 26 जनवरी 1950 में इसे प्रभावी रूप से लागू किया गया तब से लेकर आज तक हमारे देश में हर साल हम सभी भारतीय मिलकर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। डॉ प्रसाद ने भारतीय संघ के अध्यक्ष के रूप में अपना पहला कार्यकाल शुरू किया और नए संविधान के संक्रमणकालीन प्रावधानों के तहत संविधान सभा भारत की संसद बन गई। तभी से गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति राष्ट्र को संबोधित करते हैं।

26 जनवरी का दिन हमारे लिए बड़ा ऐतिहासिक महत्व रखता है। साल 1950 से पहले भी इस तिथि को 1930 से हर साल स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता था। दिसंबर 1920 में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में रावी नदी के तट पर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने पूर्ण स्वराज की घोषणा की थी। इसलिए हमारे नेताओं ने 26 जनवरी 1930 को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता दिवस मनाने का फैसला किया था। तब से हर साल 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता था, लेकिन 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के कारण 15 अगस्त को ही स्वतंत्रता या स्वाधीनता दिवस मनाया जाने लगा। हमारे राजनेता 26 जनवरी की गरिमा को बनाए रखना चाहते थे, इसलिए 26 जनवरी के गौरव और गरिमा को बनाए रखने के लिए 26 जनवरी 1950 को संविधान को लागू करने का फैसला किया गया। तभी से हम हर साल 26 जनवरी को अपने संविधान का जन्मदिन या हमारे गणतंत्र की वर्षगांठ मना रहे हैं।

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में हर त्योहार का बहुत महत्व होता है, लेकिन गणतंत्र दिवस जिसे हम संविधान के जन्मदिन के रूप में मनाते है, यह हमें एक बड़ा संदेश देता है। इसने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान किए हैं। देश को एक धर्मनिरपेक्ष व संप्रभु राष्ट्र का दर्जा दिया है। इसलिए हमें हमेशा इस पर्व की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए ताकि हमारा लोकतंत्र हमेशा अमर रहे। इस साल देश अपना 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। सात दशक से अधिक समय हो चुका है जब 1950 में हमारे देश में संविधान लागू हुआ और भारत एक गणतंत्र देश बना।

इस बार भारत अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। हर साल इस दिन को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। सभी देशवासियों के लिए यह दिन बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन के आयोजन में नई दिल्ली में कर्तव्य पथ (पूर्व में राजपथ) एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस दिन कर्तव्य पथ पर परेड होती है, भारत की जल, थल, वायु तीनों सेनाएं मार्च करती हैं और सैन्य उपकरणों के प्रदर्शन प्रदर्शित किए जाते हैं। इस साल गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जयपुर में गर्मजोशी से मिले और दोनों ने एक ही गाड़ी में रोड शो निकाला। दोनों नेता रक्षा-सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग, व्यापार, पर्यावरण परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर गहन बातचीत के साथ ही छात्रों और पेशेवरों के आदान-प्रदान पर भी चर्चा करेंगे।

गणतंत्र दिवस का महत्व इस बात को दर्शाता है कि भारत एक लोकतंत्र है और इसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर होते हैं। इस दिन को मनाकर लोग अपने देश के संविधान, मूलभूत अधिकार और कर्तव्यों के प्रति समर्पित होते हैं। इस त्योहार में हमारा राष्ट्रीय और संवैधानिक गौरव निहित है। जो हमें मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने साहस और प्रेरणा देता है। यह दिन हमें भारत गणराज्य की स्थापना की याद दिलाता है। इस दिन हम उन महापुरुषों को भी याद करते हैं, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनकी बदौलत ही भारत आज एक गणराज्य देश कहलाता है।

हमारे महान भारतीय नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्र शेखर आजाद, लाला लाजपत राय, सरदार वल्लभ भाई पटेल और लाल बहादुर शास्त्री आदि ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।

हम सबको यह प्रतिज्ञा करनी होगी कि हमें भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाना होगा। भारत देश को एक मजबूत राष्ट्र बनाएंगे। हम सब मिलकर सशक्त भारत का निर्माण करेंगे। सभी नागरिकों को संविधान के प्रति सजग करेंगे और सबको समान रूप से जीने का अवसर प्रदान करेंगे। हमें अपने सामाजिक मुद्दों जैसे गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, ग्लोबल वार्मिंग, असमानता आदि के बारे में जागरूक होना चाहिए ताकि आगे बढ़ने के लिए उन्हें हल किया जा सके।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## गीत



कवि
**मुकेश पोपली**

### तुम भारत...

*तुम भारत हो भारत ही रहना*
*तुम गणतंत्र हो गणतंत्र ही रहना.......*

*तुम तो हो धर्म निरपेक्ष*
*गंगा-जमनी तहजीब रखना*
*यह राम-रहीम का देश है*
*मन में सौहार्द रखना*
*तुम भारत...(1)*

*देश कभी घिर जाए दुश्मनों से*
*संप्रभुता अखंड बनाए रखना*
*सैनिक हमारे देश के दुलारे*
*आवाज देकर जगाए रखना*
*तुम भारत...(2)*

*भेदभाव से उन्नति रुक जाती है*
*तुम सद्भाव सब में बनाए रखना*
*अमीर-गरीब के दिलों में हमेशा*
*तुम प्यार-मुहब्बत सजाए रखना*
*तुम भारत...(3)*

*समाज प्रगति करेगा शिक्षा से*
*तुम सबको इस मार्ग पर प्रशस्त रखना*
*बड़ों को इज्जत छोटों को प्यार मिले*
*बस यह अलख सब में जगाए रखना*
*तुम भारत...(4)*

*तुम भारत हो तुम भारत ही रहना*
*तुम गण तंत्र हो तुम गणतंत्र ही रहना.......*

## नॉलेज कॉर्नर: 26 जनवरी को ही क्यों मनाते हैं गणतंत्र दिवस!

# झंडा फहराने का तरीका भी अलग

आज पूरे भारत में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। यह देश के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय समारोह में से एक है। इस को लेकर नागरिकों में उत्साह, जोश, देशभक्ति माहौल है। देश भर में गणतंत्र दिवस को उत्साह से मनाया जाता है। इस दिन के इतिहास और जरूरी बातों से कई नागरिक अनजान हैं। आखिर 26 जनवरी को ही गणतंत्र दिवस के रूप में क्यों चुना गया? क्यों दो महीने देरी के बाद भारतीय संविधान लागू किया गया? गणतंत्र दिवस के दिन राष्ट्रीय ध्वज कौन और कहां फहराता है? झंडा फहराने का तरीका 15 अगस्त के ध्वजारोहण से कितना अलग होता है? आइए आज जानते हैं इन सब सवालों के जवाब।

### 26 जनवरी तारीख क्यों चुनी गई!

15 अगस्त, 1947 को भारत को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा मिल गया था। हालांकि, लगभग तीन साल बाद 26 जनवरी, 1950 को संविधान को अपनाने के साथ भारत ने खुद को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और गणतंत्र राज्य घोषित किया। इसी दिन को तब से गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। 26 जनवरी की तारीख को चुनने के पीछे एक किस्सा बताया जाता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने दिसंबर 1929 में लाहौर अधिवेशन में ऐतिहासिक 'पूर्ण स्वराज' (पूर्ण स्वतंत्रता) का प्रस्ताव पारित किया था। इसी कड़ी में 26 जनवरी 1930 से 'पूर्ण स्वराज्य' के लिहाज से स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता रहा। आजादी मिलने के बाद 15 अगस्त 1947 को अधिकारिक रूप से स्वतंत्रता दिवस घोषित किया गया। फिर, जब संविधान बना तो 26 जनवरी की तारीख के महत्व को बरकरार रखने के लिए इसी दिन साल 1950 में संविधान लागू किया गया, और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस घोषित किया गया।



### कहां और कौन फहराता है झंडा!

1950 में भारत को संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किए जाने के बाद डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गवर्नमेंट हाउस के दरबार हॉल में भारत के पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इसके बाद उनके काफिले ने इरविन स्टेडियम तक पांच मील का रास्ता तय किया, जहां उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रपति ने झंडा फहराकर परेड की सलामी ली। इस दिन को बाद में राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया। संविधान को देखें तो राष्ट्रपति भारत सरकार का संवैधानिक प्रमुख होता है। इस वजह से गणतंत्र दिवस पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा राजपथ पर तिरंगा फहराया जाता है।

### झंडा फहराने में होता है फर्क?

*26 जनवरी और 15 अगस्त, दोनों ही दिन भारतीय तिरंगे को फहराया जाता है। लेकिन इनके तरीके में एक बड़ा अंतर होता है। 15 अगस्त को जहां ध्वजारोहण किया जाता है, वहीं 26 जनवरी को झंडा फहराया जाता है। 15 अगस्त को तिरंगा ऊपर खींचा जाता है और इसके बाद फहराया जाता है। कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

## X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
2024 के चुनाव के लिए @BJP4India का संकल्प-पत्र कैसा होना चाहिए, इसको लेकर मैं देशभर के अपने युवा साथियों को NaMo App पर सुझाव भेजने के लिए आमंत्रित कर रहा हूं। आने वाले समय में इनमें से कुछ युवा साथियों के साथ मिलकर मैं इस विषय पर चर्चा भी करना चाहूंगा।



**अशोक गहलोत,** पूर्व, सीएम, राजस्थान
**@ashokgehlot51**
श्री @RahulGandhiपर FIR दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी भी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री को ये अधिकार नहीं होता कि वो पुलिस अधिकारी को सीधे FIR लिखने के आदेश दे। यह काम सीआरपीसी के तहत SHO का है। वो तय करता है कि जो घटना घटित हुई है, वो किस रूप में हुई है? क्यों हुई है और क्या-क्या धाराएं लगेंगी ? FIR होनी चाहिए या नहीं ? ये फैसला SHO करता है।



**अरविंद केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली
@ArvindKejriwal
देश को 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाना है, लेकिन 4 ट्रिलियन अगर एक आदमी के पास हो और 140 करोड़ के पास सिर्फ 1 ट्रिलियन हो तो इस विकास का क्या मतलब होगा?

बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के अकेले उतरने के फैसले पर बोले राहुल गांधी...

# देशभर में व्याप्त अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेगा 'इंडिया' गठबंधन

■ चौधरी ने राहुल गांधी का गर्मजोशी से किया स्वागत

एजेंसी । कूच बिहार (प. बंगाल)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को विश्वास जताया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) देशभर में अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेगा। एक दिन पहले ही 'इंडिया' के घटक दल तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने राज्य में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' ने गुरुवार को असम से पश्चिम बंगाल में प्रवेश किया और यह कूच बिहार जिले के बशीरहाट पहुंची।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने यहां पहुंचने पर राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा और आरएसएस पर नफरत और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यात्रा से 'न्याय' शब्द को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि 'देशभर में अन्याय व्याप्त है'। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को घोषणा की थी कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में अकेले मैदान में उतरेगी। इससे विपक्षी गठबंधन को झटका लगा। इसके बाद कांग्रेस की प्रतिक्रिया आई कि ममता बनर्जी के बिना 'इंडिया' गठबंधन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।



### पश्चिम बंगाल में 523 किमी चलेगी यात्रा

पश्चिम बंगाल में यह यात्रा 523 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और छह जिलों तथा छह लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। अप्रैल-मई 2021 में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद से यह राहुल गांधी का पहला प्रदेश दौरा है।

### यात्रा में राहुल के हमशक्ल का हो रहा इस्तेमाल: हिमंता बिस्वा

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर अपने हमशक्ल का इस्तेमाल करने आरोप लगाया है। सरमा ने कहा कि राहुल गांधी यात्रा के दौरान खुद नहीं आते बल्कि अपने बॉडी डबल का इस्तेमाल करते हैं। असम के मुख्यमंत्री ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा की बस में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बॉडी डबल का इस्तेमाल किया गया। एक वीडियो में हिमंता बिस्वा सरमा ट्वीट का हवाला देते हुए कहते हैं, "बस में सामने जो राहुल गांधी दिखाई दे रहे हैं वह असली राहुल गांधी नहीं हैं। राहुल गांधी अंदर में आठ लोगों के बैठने वाले एक कमरे में रहते हैं।"

### BJP ने लॉन्च किया लोकसभा चुनाव का कैंपेन

BJP

**नई दिल्ली।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के 3 दिन बाद भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 का कैंपेन लॉन्च कर दिया है, जहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में कैंपेन का शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा का खास चुनावी थीम सॉन्ग भी जारी किया गया। सपने नहीं हकीकत को बुनते हैं- तभी तो सब मोदी को चुनते है। पार्टी का कहना है कि यह स्लोगन जनता के बीच से ही आया है। जनता की भावना को समझते हुए इस स्लोगन को पार्टी ने अपनाया है। पार्टी ने कहा है कि नया स्लोगन पार्टी की मोदी की गारंटी अभियान का पूरक है। मोदी ने जनता से 2024 चुनाव के लिए भाजपा के चुनावी घोषणापत्र के लिए सुझाव मांगा है।

### दिल्ली में रामराज्य वाली सरकार: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि उनकी सरकार भी राजधानी में रामराज्य जैसी सरकार चला रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली के अंदर हमलोग रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा लेकर अपनी सरकार चलाने की कोशिश कर रहे हैं। रामायण में जो परिभाषा दी गई है कि उसी के आधार पर सरकार चला रहे हैं। हमारी कोशिश है कि दिल्ली के अंदर कोई भूखा नहीं मरे जो बेघर लोग हैं उसके लिए नाइट शेल्टर बना रहे हैं। उन्होंने देश की 5 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के बयान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश को 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने की जरूरत तो है लेकिन ये सारा पैसा एक ही या दो आदमी के पास नहीं जाना चाहिए बल्कि 140 करोड़ लोगों के पास जाना चाहिए।

लोकसभा चुनाव से पहले गरमाई बिहार की सियासत

# सीएम नीतीश को लेकर बिहार से दिल्ली तक सियासी हलचल

एजेंसी । नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार को लेकर बिहार से दिल्ली तक सियासी हलचल तेज हो गई है। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राबड़ी आवास पर राजद विधायकों की बैठक बुलाई तो भाजपा ने अपने सभी विधायकों को पटना बुला लिया है।

भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को अमित शाह ने दिल्ली बुलाया है, तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी केसी त्यागी भी दिल्ली चले गए हैं। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' बीच में ही छोड़कर नई दिल्ली लौट गए हैं। एक साथ इतने घटनाक्रमों ने बिहार ही नहीं, देश की राजनीति में हलचल मचा दी है।

बिहार की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर होने के आसार हैं। राजनीति में परिवारवाद पर नीतीश कुमार के बयान के बाद से लालू की पार्टी राजद और नीतीश की अगुवाई वाली जदयू के गठबंधन में तल्खी आ गई है। अभी सीएम हाउस में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राबड़ी आवास पर लालू और तेजस्वी अपने पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। इसके अलावा सीएम हाउस की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।



### राजद-जदयू के रिश्ते असहज!

बिहार विधानसभा 2020 का चुनाव जदयू ने भाजपा के साथ मिलकर लड़ा था। दोनों ने सरकार भी साथ-साथ बनाई थी, लेकिन कुछ मुद्दों पर तल्खी के कारण करीब 20 महीने बाद 10 अगस्त, 2022 को जदयू ने भाजपा से नाता तोड़कर बिहार में राजद-कांग्रेस समेत सात दलों की सरकार बना ली। इसके साथ ही नीतीश कुमार ने भाजपा के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन बनाने की भी पहल की। मगर इधर, कुछ दिनों से महागठबंधन सरकार के दोनों बड़े दलों के रिश्ते असहज नजर आने लगे।

### राहुल की यात्रा में शामिल नहीं होंगे नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 29 जनवरी को बिहार में होने वाली कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं होंगे। कहा जा रहा है कि कल शाम नीतीश कुमार को यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस के विधायक दल के नेता शकील अहमद खान के माध्यम से एक औपचारिक निमंत्रण दिया गया था।

### इंडिया गठबंधन को लगातार झटका

लोकसभा चुनाव से पहले I.N.D.I.A. गठबंधन को एक के बाद एक झटका लग रहा है। पहले ममता बनर्जी ने बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान करके झटका दिया। फिर पंजाब में भगवंत मान की पार्टी, अब ऐसी खबरें सामने आ रही हैं नीतीश कुमार भी गठबंधन से किनारा करने वाले हैं। बिहार में 29 जनवरी को होने वाली कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में नीतीश कुमार शामिल नहीं होंगे। इन घटनाक्रमों से ऐसा लग रहा है कि विपक्षी एकता का दम भरने वाला इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव से पहले ही चकनाचूर हो गया है।

### राम मंदिर के उद्घाटन के बाद बीजेपी ज्यादा एक्टिव

अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के बाद बीजेपी लोकसभा चुनाव को लेकर और ज्यादा एक्टिव नजर आ रही है। पीएम मोदी ने खुद चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। यूपी के बुलंदशहर से पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया है। किसी भी वक्त चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। उधर बीजेपी और पीएम मोदी को लोकसभा चुनाव में कांटे की टक्कर देने का दावा करने वाला इंडिया गठबंधन चुनाव से पहले ही टूट की कगार पर खड़ा हो गया है। ममता बनर्जी और भगवंत मान के बाद अब नीतीश कुमार के पाला बदलने की अटकलें भी तेज हो गई हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि कांग्रेस को इस बात का डर सता रहा है कि अगर ममता बनर्जी के बाद नीतीश कुमार ने साथ छोड़ दिया तो इंडिया गठबंधन की अब तक की चुनावी तैयारियों में पानी फिर जाएगा और कांग्रेस को चुनाव को लेकर फिर से नई प्लानिंग करनी होगी। कम वक्त में नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा।

रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी मामला

# स्वामी मौर्य को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने तुलसीदास की रामचरितमानस पर स्वामी प्रसाद मौर्य की कथित विवादास्पद टिप्पणी से संबंधित एक मामले में उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया और मामले में उससे जवाब मांगा।

कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आप इन चीजों को लेकर इतने संवेदनशील क्यों हैं? यह व्याख्या का मामला है। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था, जिसने तुलसीदास की 'रामचरितमानस' के खिलाफ टिप्पणियों के मामले में प्रतापगढ़ जिला अदालत में कानूनी कार्यवाही को रद्द करने का निर्देश देने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

आज सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मेहता ने उत्तर प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा कि यह उनकी (मौर्य) राय है। यह कैसे अपराध है?" यूपी के पूर्व मंत्री मौर्य पर यह बयान देने का आरोप लगाया गया है कि रामचरितमानस की कुछ चौपाई समाज के एक बड़े वर्ग का अपमान करती हैं और इसलिए उन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। मौर्य ने कथित तौर पर कहा कि हिंदुओं का पवित्र ग्रंथ (रामचरितमानस) तुलसीदास द्वारा आत्म-प्रशंसा के लिए लिखा गया था, जिसमें उन्होंने दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को उनकी जातियों को लेकर कई बातें कही हैं। उन्होंने कथित तौर पर रामचरितमानस की दो चौपाइयों को महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के लोगों के खिलाफ होने पर आपत्ति जताई थी।नवंबर 2023 में, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आरोप पत्र और अन्य दस्तावेजों के अवलोकन के बाद, उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला स्थापित करने के लिए पर्याप्त आधार पाया और फैसला सुनाया कि मौर्य पर निचली अदालत में मुकदमा चलाना चाहिए।



28 जनवरी को फिर से शुरू होगी यात्रा

# न्याय यात्रा में दो दिन का अवकाश

एजेंसी । कूचबिहार

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में दो दिनों के अवकाश के कारण गुरुवार को दिल्ली रवाना हो गए। 14 जनवरी को मणिपुर की राजधानी इंफाल से शुरू हुई यह यात्रा गुरुवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में दाखिल हुई।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कूचबिहार में एक रोड शो किया और फिर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता शुभांकर सरकार ने बताया कि राहुल गांधी एक विशेष उड़ान से अलीपुरद्वार के हासीमारा हवाई अड्डे से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। अवकाश के बाद यात्रा 28 जनवरी को फिर से शुरू होगी। अवकाश के बाद यात्रा पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, उत्तर दिनाजपुर और दार्जिलिंग जिलों से होकर गुजरेगी। यात्रा 29 जनवरी को बिहार में दाखिल होगी।



यात्रा 31 जनवरी को मालदा के रास्ते पश्चिम बंगाल में फिर से प्रवेश करेगी और एक फरवरी को राज्य से प्रस्थान करने से पहले यह कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाले मुर्शिदाबाद से होकर गुजरेगी।

कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और 15 राज्यों के 110 जिलों से होते हुए 20 या 21 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

### BJP के सामने सांसद अफजाल अंसारी की चुनौती

**गाजीपुर।** गैंगस्टर एक्ट में 4 साल की सजा होने के बाद सुप्रीम कोर्ट से सशर्त राहत मिलने पर बीएसपी सांसद अफजाल अंसारी की सांसदी एक बार फिर बहाल हो गई। 29 अप्रैल 2023 को लोअर कोर्ट से सजा होने के बाद लोकसभा सचिवालय ने उनकी संसद सदस्यता निरस्त कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद अफजाल अंसारी अब लोगों से मिलजुल रहे हैं। हाल की उनकी गतिविधियों को लोकसभा चुनाव 2024 से जोड़कर देखा जा रहा है। अफजाल अंसारी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लड़ने की इच्छा जाहिर की है।

एमपी के राज्य गान से जुड़े मामले को बता दिया गलत

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज के 'नियम' को CM मोहन यादव ने बदला

एजेंसी । भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपनी ही पार्टी के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की ओर से बनाए गए एक नियम को खत्म करने का ऐलान कर दिया है। मोहन यादव ने शिवराज की ओर से शुरू की गई परंपरा को गलत बताते हुए इसे रोकने की बात कही। उन्होंने मंच से ही इसका ऐलान भी कर दिया। यह नियम मध्य प्रदेश के राज्य गान से जुड़ा हुआ है। शिवराज ने राज्यगान के दौरान खड़े होने का नियम बताया था जो मोहन यादव को रास नहीं आया।

भोपाल के रविंद्र भवन में मध्य प्रदेश सिविल सेवा परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटने के दौरान यह ऐलान किया। मध्य प्रदेश गान के दौरान जब अधिकारी खड़े हुए तो मोहन यादव ने उन्हें रोकते हुए बैठने का इशारा किया और कहा कि राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत की बराबरी मध्य प्रदेश गान या दूसरे गान नहीं कर सकते हैं। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के दौरान ऐलान किया था कि मध्य प्रदेश गान को राष्ट्रगान की तरह सम्मान दिया जाएगा।

### क्या कहा मुख्यमंत्री ने

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रगान या राष्ट्रगीत के समय ही खड़ा होना चाहिए। वह हम सबके लिए आदर की बात है, लेकिन एक परंपरा बन गई जैसे हमारा मध्य प्रदेश गान बना अच्छी बात है, कोई विश्वविद्यालय का गान बनाता है, कोई संस्थान अपना गान बनाता है और नियम बनाने लगे कि राष्ट्रगान की तरह खड़े हो, यह क्या बात हुई।

कर्नाटक के पूर्व CM जगदीश शेट्टार की घर वापसी

# गृह मंत्री शाह से मुलाकात के बाद फिर से BJP में शामिल जगदीश शेट्टार

एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार का 8 महीने में कांग्रेस से मोहभंग हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के बाद गुरुवार को वह फिर से भाजपा में शामिल हो गए।

68 वर्षीय शेट्टार कर्नाटक में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में सम्मान न मिलने का दावा करते हुए अप्रैल, 2023 में कांग्रेस में चले गए थे। शेट्टार को भाजपा ने चुनाव लड़ने के लिए टिकट देने से इनकार कर दिया था। कांग्रेस में शामिल होने पर उन्हें हुबली-धारवाड़ सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया, लेकिन उन्हें बड़ी हार का सामना करना पड़ा। उन्हें भाजपा के महेश तेंगिनाकाई ने 34,000 से अधिक वोटों से हराया। हार से बौखलाए शेट्टार ने भाजपा पर धनबल और बाहुबल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था।




### कर्नाटक में भाजपा के पास मजबूत नेतृत्व नहीं

भाजपा कथित तौर पर कर्नाटक में नेतृत्व संकट का सामना कर रही है। राज्य में विभिन्न पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों में देरी के बीच शेट्टार को वापस पार्टी में लाने की कोशिश रंग लाई है। संभावना जताई जा रही है कि शेट्टार की घर वापसी से भाजपा की स्थिति मजबूत होगी।

### छह बार रह चुके हैं एमएलए

जगदीश शेट्टार कर्नाटक में एक प्रमुख लिंगायत नेता हैं। उन्होंने 2012 से 2013 तक कर्नाटक के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। वे छह बार विधानसभा के सदस्य (MLA) रहे। उन्होंने तीन दशकों से अधिक समय तक हुबली-धारवाड़ केंद्रीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है।

### फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है: शेट्टार

भाजपा जॉइन करने के बाद जगदीश शेट्टार ने कहा कि 'पार्टी ने मुझे पहले भी कई जिम्मेदारियां दी थीं। कुछ मुद्दों के चलते मैं कांग्रेस पार्टी में गया था। पिछले 8-9 महीनों में बहुत सारी चर्चा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुझसे पार्टी में वापस आने के लिए कहा। येदियुरप्पा जी और विजयेंद्र जी भी चाहते थे कि मैं भाजपा में वापस आऊं। मैं इस विश्वास के साथ पार्टी में फिर से शामिल हो रहा हूं कि नरेंद्र मोदी जी को फिर से पीएम बनना है।

### BJP उम्मीदवार ने हराया था चुनाव

जगदीश शेट्टार ने कांग्रेस के टिकट पर हुबली धारवाड़ सेंट्रल सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बीजेपी के महेश तेंगिनाकाई ने शेट्टार को 34,289 वोटों से हराया था।

### 'मैं सिर्फ सम्मान चाहता हूं'

कांग्रेस में शामिल होने पर शेट्टार ने कहा था कि मुझे सत्ता की भूख नहीं, मैं सिर्फ सम्मान चाहता हूं। उन्होंने यह भी कहा था कि भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट ना देकर मेरा अपमान किया है। मैं महत्वाकांक्षी व्यक्ति नहीं हूं और ना ही मैं सत्ता का भूखा हूं।

### 'विरासत में मिली है सियासत'

पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार स्वच्छ छवि के नेता माने जाते हैं। उन्हें सियासत विरासत में मिली है। शेट्टार हुबली-धारवाड़ के मेयर रहे हैं। इसके अलावा उनके भाई एमएलसी और चाचा विधायक हैं। इस तरह से शेट्टार परिवार की हुबली-धारवाड़ इलाके में मजबूत पकड़ है।

**जरूरी खबर**

## वराले ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में ली शपथ



**नई दिल्ली।** कर्नाटक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पी बी वराले को सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर शपथ दिलाई। सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में जस्टिस वराले को पद की शपथ दिलाई गई। जस्टिस वराले को सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने की मंजूरी केंद्र ने बुधवार को दी थी। उनके शपथ लेने के बाद शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या पूर्ण हो गई है। सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 है जिसमें प्रधान न्यायाधीश भी शामिल हैं।

## पहली महिला महावत पार्वती बरुआ को पद्मश्री

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने पद्म पुरस्कारों का ऐलान कर दिया। इस लिस्ट में तमाम ऐसे नाम है, जो अनसंग हीरोज हैं। इसमें पार्बती बरुआ, जगेश्वर यादव, चामी मुर्मू, गुरविंदर सिंह, सत्यनारायण बेलेरी, दुक्खू मांझी, के चेलम्मल, संगठनकीमा, हेमचंद मांझी, यानुंग जामोह लेगो, सोमाना, सर्बेश्वर बासुमातारी, प्रेमा धनराज, उदय विश्वनाथ देशपांडे, यज्दी मानेकशा इटालिया, शांति देवी पासवान और शिवम पासवान, रतन कहार, अशोक कुमार बिश्वास, बालाकृष्णम सदानम पुथिया जैसे तमाम नाम शामिल हैं। यह वो लोग हैं, जिन्होंने जमीन पर रहते हुए अपने काम से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है

## 80 जवानों को गैलेंट्री अवॉर्ड, 6 को कीर्ति चक्र

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 80 जवानों के लिए गैलेंट्री अवॉर्ड का ऐलान किया, जहां इनमें 12 वे जवान शामिल हैं जो मरणोपरांत इस वीरता पुरस्कार से नवाजे जाएंगे। राष्ट्रपति भवन से जिन 80 जवानों को वीरता पुरस्कार दिए जाने का ऐलान किया गया है, वहीं इनमें छह को कीर्ति चक्र से नवाजा जाएगा। इसके अलावा 16 बहादुरों को शौर्य चक्र मिलेगा। 53 जवान सेना मेडल से नवाजे जाएंगे। इसके साथ ही एक जवान नौसेना मेडल और 4 वायुसेना मेडल से नवाजे जाएंगे। वीरता पुरस्कारों के साथ राष्ट्रपति ने विशिष्ट सेवा मेडल और युद्ध मेडल का भी ऐलान किया, जहां इसके लिए 311 नाम चुने गए।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वायब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम



*नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को वायब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम के गांवों के विशेष अतिथियों के साथ नई दिल्ली में संवाद किया। इस अवसर पर पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू, सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और गृह राज्यमंत्री तथा युवा कार्यक्रम व खेल राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक सहित कई लोग मौजूद रहे।*

## ASI ने ज्ञानवापी की दीवार को मंदिर का हिस्सा माना



**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है। हिन्दू और मुस्लिम पक्षों के साथ ही कुल नौ लोगों ने रिपोर्ट की कॉपी के लिए आवेदन किया है। पांच लोगों को एक-एक कॉपी दी गई है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु जैन ने दावा किया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्ञानवापी की पश्चिमी दीवार हिन्दू मंदिर का हिस्सा है। अंदर के पिलर भी हिन्दू मंदिर के खंभे थे जिन्हें बाद में प्लास्टर आदि से थोड़ा बदला गया है। 839 पेज की रिपोर्ट में वुजूखाना को छोड़कर हर कोने का एक-एक ब्योरा है। ज्ञानवापी की दीवारों से लेकर शिखर तक का ब्योरा एएसआई ने इसमें लिखा है। ज्ञानवापी के अंदर एएसआई को क्या-क्या मिला और क्या-क्या दिखा इसके बारे में विस्तार से बताया गया है।

### पीएम ने बुलंदशहर से भरी विकसित भारत की हुंकार

# मोदी के लिए जनता फूंकती है चुनावी बिगुल: प्रधानमंत्री

**एजेंसी** | बुलंदशहर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बुलंदशहर से विकसित भारत की हुंकार भरी. उन्होंने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ, अब अब राष्ट्र को नई ऊंचाई देने का समय है। हमें देव से देश, राम से राष्ट्र तक के मार्ग को और विशिष्ट करना है। हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। विकसित भारत का निर्माण भी यूपी के तेज विकास के बिना संभव नहीं है।

सिखेड़ी गांव के चांदमारी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी बुलंदशहर में चुनाव का बिगुल फूंकेंगे, लेकिन मोदी तो विकास का बिगुल फूंकेंगे। मोदी तो समाज के अखिरी व्यक्ति के कल्याण का बिगुल फूंकेंगे। मोदी को बिगुल फूंकने की न तो पहले जरूरत थी और ना ही अब जरूरत है। मोदी के लिए तो यह जनता जनार्दन बिगुल फूंकती रहती है। जब जनता जनार्दन बिगुल होती है तो मोदी को अपना समय बिगुल फूंकने में नहीं लगाना पड़ता। वह अपना समय जनता जनार्दन के चरणों में बैठ करके सेवा भाव से काम करने में लगाता है।

### मोदी बोले-अब देव से देश, राम से राष्ट्र का मार्ग करना है प्रशस्त



### अयोध्या धाम के बाद अब जनता जर्नादन के दर्शन का मिला सौभाग्य

पीएम ने इससे पहले अपने संबोधन की शुरुआत में कहा कि आपका यह प्यार और यह विश्वास जीवन में इससे बड़ा सौभाग्य और क्या होगा। 22 तारीख को अयोध्या धाम के दर्शन के बाद जनता जनार्दन के दर्शन का सौभाग्य मिला है। पश्चिमी यूपी को विकास के लिए 19 हजार करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट मिले हैं। यह प्रोजेक्ट रेल लाइन, हाईवे, पैट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवेज, मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक शहर से जुड़े हुए हैं। आज यमुना और राम गंगा की स्वच्छता से जुड़े प्रोजेक्ट का भी लोकार्पण हुआ है। मैं बुलंदशहर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी मेरे परिवार जनों को बहुत बधाई देता हूं।



### यूपी के तेज विकास के बिना विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं


प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण यूपी के तेज विकास के बिना संभव नहीं है, इसलिए हमें खेत खलियान से लेकर ज्ञान विज्ञान उद्योग तक हर शक्ति को जगाना है। आज का यह आयोजन इसी दिशा में एक और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा आजादी के बाद के दशकों में लंबे समय तक भारत में विकास को कुछ क्षेत्र में सीमित रखा गया। देश का एक बहुत बड़ा हिस्सा विकास से वंचित रहा। उत्तर प्रदेश में देश की सबसे बड़ी आबादी बसती थी, इस पर इतना ध्यान नहीं दिया गया। इसलिए ऐसा क्योंकि लंबे समय तक यहां सरकार चलाने वालों ने शासकों की तरह व्यवहार किया। जनता को अभाव में रखने और समाज में बंटवारे का रास्ता उनको सत्ता पाने का सबसे सरल माध्यम लगा। इसकी कीमत उत्तर प्रदेश की अनेक पीढ़ियों ने भुगती है, साथ-साथ देश को भी इसका बहुत बड़ा नुकसान हुआ है. सबसे बड़ा राज्य ही कमजोर हो तो देश कैसे ताकतवर हो सकता है। उत्तर प्रदेश को पहले ताकतवर बनना होगा।

### दिल्ली: परेड में सुरक्षा के खास बंदोबस्त

## कर्तव्य पथ पर निकलेगी गणतंत्र दिवस की परेड

- जूतों और जैकेट पर होगी विशेष नजर

तीन लेयर की सुरक्षा से गुजरेंगे लोग



**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में 26 जनवरी को 75वां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। कर्तव्य पथ पर परेड का आयोजन किया जाएगा। परेड को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। दिल्ली पुलिस की तरफ से परेड की सुरक्षा को लेकर पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। संसद में बवाल कांड से सबक लेते हुए दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी की किलेबंदी कर ली है। इस बार तलाशी से लेकर सुरक्षा पर विशेष नजर रखी जाएगी। कर्तव्य पथ तक पहुंचने के लिए कुल तीन लेयर की सुरक्षा से गुजरना होगा। इस बार खासतौर पर जूतों और जैकेट पर नजर रखी जाएगी।

### 'हर मूवमेंट पर रखी जाएगी नजर'

सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। परेड में आई झांकियों से लेकर परिसर के कोने-कोने पर नजर रखने की तैयारी है। समारोह स्थल से 5 किमी के दायरे को हाई रिजॉल्यूशन कैमरे से लैस किया गया है। संदिग्धों के प्रत्येक मूवमेंट पर नजर रखी जाएगी।

### 'तलाशी व सुरक्षा में मुस्तैदी बरतेंगे जवान'

दिल्ली पुलिस ने संसद की घटना से सबक लेते हुए 26 जनवरी पर सिक्योरिटी का खास इंतजाम किया है। इस बार तलाशी और सुरक्षा में तैनात जवानों को जूतों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शुक्रवार को कर्तव्य पथ तक पहुंचने के लिए लोगों को एक नहीं, बल्कि फ्रिस्किंग के तीन लेयर से गुजरना होगा।

### 'सिक्के लेकर भी नहीं आ सकेंगे मेहमान'

खासतौर से जिनके शॉल थोड़े मोटे होंगे, उन पर नजर रखी जाएगी। सीसीटीवी कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस कर्मियों को भी हिदायत दी गई है कि वो लोगों पर पूरी तरह नजर बनाए रखें। पुलिस ने पहले ही लोगों से उन समान को लाने से मना किया है, जिसे फेंका जा सके। इसमें सिक्के भी शामिल हैं।

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का देश के नाम संबोधन

# भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा अमृत काल: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी** | नई दिल्ली

75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा और कर्पूरी ठाकुर का जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा, इस सप्ताह के आरंभ में हम सबने अयोध्या में प्रभु श्री राम के जन्मस्थान पर निर्मित भव्य मंदिर में स्थापित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह देखा।

भविष्य में जब इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाएगा, तब इतिहासकार, भारत द्वारा अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में युगांतरकारी आयोजन के रूप में इसका विवेचन करेंगे। उचित न्यायिक प्रक्रिया और देश के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद मंदिर का निर्माण कार्य आरंभ हुआ। अब यह एक भव्य संरचना के रूप में शोभायमान है। यह मंदिर न केवल जन-जन की आस्था को व्यक्त करता है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में हमारे देशवासियों की अगाध आस्था का प्रमाण भी है।



### कर्पूरी ठाकुर का किया जिक्र

अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने जननायक कर्पूरी ठाकुर का जिक्र करते हुआ कहा, कि मैं यह उल्लेख करना चाहूंगी कि सामाजिक न्याय के लिए अनवरत युद्धरत रहे, कर्पूरी ठाकुर जी की जन्म शताब्दी का उत्सव कल ही संपन्न हुआ है। कर्पूरी जी पिछड़े वर्गों के सबसे महान पक्षकारों में से एक थे जिन्होंने अपना सारा जीवन उनके कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। उनका जीवन एक संदेश था। अपने योगदान से सार्वजनिक जीवन को समृद्ध बनाने के लिए कर्पूरी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।"

### युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड

अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा, "हमारा देश स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा है। यह एक युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड है। हमें अपने देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का सुनहरा अवसर मिला है। हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान महत्वपूर्ण होगा। इसके लिए मैं सभी देशवासियों से संविधान में निहित हमारे मूल कर्तव्यों का पालन करने का अनुरोध करूंगी। ये कर्तव्य आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रत्येक नागरिक के आवश्यक दायित्व हैं।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक विधेयक

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मुर्मू ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कहा कि जब संसद ने ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पारित किया तो हमारा देश, स्त्री-पुरुष समानता के आदर्श की ओर आगे बढ़ा। मेरा मानना है कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम', महिला सशक्तीकरण का एक क्रांतिकारी माध्यम सिद्ध होगा। इससे हमारे शासन की प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में भी बहुत सहायता मिलेगी। जब सामूहिक महत्व के मुद्दों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, तब हमारी प्रशासनिक प्राथमिकताओं का जनता की आवश्यकताओं के साथ बेहतर सामंजस्य बनेगा।

### सिद्धांतों को याद करने का अवसर

राष्ट्रपति ने कहा, गणतंत्र दिवस, हमारे आधारभूत मूल्यों और सिद्धांतों को स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जब हम, उनमें से किसी एक बुनियादी सिद्धांतों पर चिंतन करते हैं तो स्वाभाविक रूप से अन्य सभी सिद्धांतों पर भी हमारा ध्यान जाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना। हमें अपने वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों पर सदैव गर्व रहा है, लेकिन अब ये पहले से कहीं अधिक ऊंचे लक्ष्य तय कर रहे हैं।

## JKK में कलाकारों ने 100 फुट लंबे कैनवास पर दिनभर रचा कला संसार

# चक्र में उकेरे शहीदों के नाम तीलियों से बनाई जैकेट









बेधड़क | जयपुर

एक सौ फुट लंबा कैनवास और उस पर कला की नई इबारत रचते रचनाकार। हर कहीं बस क्रिएशन और आर्ट की बानगी। मानो एक अलग ही दुनिया में कला का उत्सव चल रहा हो। ये अनूठा नजारा रहा जयपुर के जवाहर कला केंद्र में जयपुर कला महोत्सव के दौरान, जिसमें एक ओर जहां जयपुर के कलाकार शंकर सिंह राजवत का देश भक्ति से सराबोर सृजन लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा, वहीं महोत्सव में आए कलाकारों ने सौ फुट लंबे कैनवास पर दिनभर कलात्मक अभिव्यक्ति कर सृजन के इस उत्सव को परवान चढ़ाया। राजस्थान यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट और प्रतिभा एजुकेशनल डवलपमेंट रिसर्च सोसायटी की ओर से उत्सव में बड़ी संख्या में कलाकार एक मंच पर आए और सृजन किया। शीशम की लकड़ी से बने चक्र पर क्रिएशन जयपुर के आर्टिस्ट शंकर सिंह राजावत की खास तरीके से बनाई कलाकृतियों में देश भक्ति के रंग देखने योग्य रहे।

उन्होंने शीशम की लकड़ी से बने एक चक्र पर पतंग की सीकों पर मिनिएचर आर्ट शैली में देश के लिए प्राण उत्सर्ग करने वाले कई शहीदों के नाम को लिखकर कला का प्रदर्शन किया। देश पर प्राणोत्सर्ग करने वाले जितने भी शहीदों को अभी तक देश के सर्वोच्च सम्मान वीर चक्र, महावीर चक्र, परमवीर चक्र मेडल मिले हैं, उन सभी के नाम सिंह ने चक्र में उकेरे हैं। साथ ही उनकी बनाई मोदी जैकेट खास रही। इसे पतंग की सीकों से जोड़कर बनाया गया है। जैकेट पर लगी सीकों पर कलाकार ने देश के अभी तक के प्रधानमंत्रियों और सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के नाम बारीकी से लिखे।

### युवाओं और सीनियर्स का फ्यूजन

आयोजकों की ओर से एक गुणा एक फुट आकार और 100 फुट की लंबाई वाला कैनवास कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए रखा गया, जिस पर कलाकारों और देखने आए दर्शकों ने तरह-तरह की चित्रकारी की। देश के जाने-माने चित्रकार तीर्थंकर बिस्वास ने भी कैनवास पर चित्रकारी कर हस्ताक्षर किए।

### गणतंत्र दिवस पर होगा फैशन शो

मेला संयोजक और राजस्थान यूनिवर्सिटी के विजुअल आर्ट डिपार्टमेंट हैड सुमित सेन और संयोजक बीके चांदना ने बताया कि शुक्रवार को कलात्मक गतिविधियों के बाद शाम को महिला शक्ति को समर्पित फैशन शो आयोजित किया जाएगा। 'आजादी के रंग' नाम से होने वाले शो की थीम महिलाओं की योग्यता और मूल्यों को इंगित करते हुए महिला सशक्तिकरण का प्रतिनिधित्व करेगी। ऐतिहासिक संदर्भ में महिलाओं ने शक्ति और अधिकार को व्यक्त करने के लिए पोशाक का बहुत सोच-समझकर उपयोग किया था। इस शो में ऐसी ही पोशाकों का प्रदर्शन खास होगा। फैशन शो में रिया पंवार, गुर्निश कौर, हर्षिता सैनी, नरेश चौधरी, इशिका सैनी, हर्षिता कुमावत, संस्कृति, आकांक्षा चौधरी अपने ब्रांड्स के परिधानों का प्रदर्शन करेंगी।

## अमन-चैन और शांति की कामना



**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के 15वें तीर्थंकर भगवान धर्म नाथ का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन किए गए। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि सुबह जयकारों के साथ भगवान धर्मनाथ के अभिषेक किए गए। विश्व में अमन चैन व सुख शांति की कामना के साथ मंत्रोच्चार से शांतिधारा की गई। इसके बाद अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना हुई और पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ ज्ञान कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। महाआरती के बाद समापन हुआ। आचार्य चैत्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में खानिया के श्रीदिगम्बर जैन नसियां संगहीजी में तथा गणिनी आर्यिका भरतेश्वरमति माताजी ससंघ के सानिध्य में चित्रकूट कॉलोनी सांगानेर के श्रीमहावीर दिगम्बर जैन मंदिर में ज्ञान कल्याणक मनाया गया। भट्टारकजी की नसियां के श्रीदिगम्बर जैन मंदिर, गोपालजी का रास्ता स्थित श्रीदिगम्बर जैन मंदिर सहित कई मंदिरों में विशेष आयोजन हुए।

## 9 से दिखाएंगे अवॉर्डेड फिल्में

**बेधड़क. जयपुर।** जूरी सदस्यों ने फिल्में देखीं और बेस्ट फिल्मों की घोषणा जिफ आयोजकों ने की। इस साल जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल-जिफ में 82 देशों से प्राप्त 2971 फिल्मों में से 67 देशों की 329 फिल्मों का चयन जिफ-2024 के लिए किया गया। चयनित और अवॉर्डेड फिल्मों में से ऑनर ऑफ द सिनेमा अवॉर्ड दिए जाएंगे। इस साल ये अवार्ड्स प्रकाश राज, अनुपम खेर, अर्जुन रामपाल और काजल अग्रवाल को दिए जाएंगे। अवॉर्डेड फिल्मों की स्क्रीनिंग 9 से 13 फरवरी तक की जाएगी।

## वेदमाता का 'मां भारती' श्रृंगार



**बेधड़क. जयपुर।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गायत्री शक्तिपीठ, ब्रह्मपुरी में वेदमाता मां गायत्री का भारत माता के रूप में तिरंगा श्रृंगार किया गया। गायत्री माता को राष्ट्रीय ध्वज के तिरंगे के केसरिया, हरा और सफेद रंग की विशेष पोशाक धारण कराई गई। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने बताया कि गायत्री मंदिर सहित पूरी शक्तिपीठ को तिरंगे झंडे और तीनों रंग के गुब्बारों से सजाया गया है।

# City इवेंट्स

## खादी प्रदर्शनी शुरू, लाइव डेमो खास



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर में राज्य स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी की गुरुवार को शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर क्षेत्र खादी ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य नागेन्द्र रघुवंशी, अतिथि राजस्थान खादी ग्रामो संस्था संघ मंत्री अनिल कुमार शर्मा, राज्य निदेशक खादी ग्रामोद्योग आयोग-जयपुर डॉ. राहुल मिश्र रहे। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि राजस्थान राज्य में कुल 158 खादी संस्थाएं काम कर रही हैं, जिनके द्वारा 149.50 करोड़ का उत्पादन, 243.50 करोड़ का खादी बिक्री तथा करीब 30,000 खादी के कत्तिन बुनकरों को रोजगार मिल रहा है। प्रदर्शनी में 64 स्टॉल लगाई गई हैं। इस दौरान लाइव डेमो, प्रत्यक्ष प्रदर्शन, सेल्फी पाइंट, प्रधानमंत्री लूम-खादी बुनाई, चर्खा, चर्म उद्योग, पोटरी (कुम्हारी), मोमबत्ती आदि खास हैं। 3 फरवरी तक चलने वाली प्रदर्शनी में कई अन्य आयोजन भी होंगे, जिससे लोगों को खादी के प्रति अवेयर किया जा सके।

## संगीत और नृत्य प्रतियोगिताएं आज से

**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर के गोविंद मार्ग स्थित दर्शक कॉलेज ऑफ म्यूजिक एंड डांस ऑडिटोरियम में शुक्रवार सुबह 11 से रात 8 बजे तक 5 दिवसीय महेन्द्र भट्ट स्मृति संगीत व नृत्य प्रतियोगिताएं होंगी। 30 जनवरी तक होने वाले आयोजन के संयोजक राजीव भट्ट और प्रोमिला राजीव ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 10 बजे कॉलेज के ऑडिटोरियम में दर्शक संस्था की फाउंडर मधु भट्ट, दर्शक कॉलेज के मानद चेयरमैन ध्रुव कार्की और संस्था सचिव लोकेश अग्रवाल करेंगे। पहले दिन युवा, किशोर और बाल वर्ग में सुगम गायन रिकार्डेड व अनरिकार्डेड की प्रतियोगिताएं होंगी। इस दौरान लोक, सुगम और शास्त्रीय गायन के अलावा बॉलीवुड डांस और देश भक्ति गीत व नृत्य में देश के विभिन्न भागों से आने वाले 1 हजार प्रतियोगी हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

## निष्पक्ष मतदान की शपथ ली



**बेधड़क. जयपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उत्तर-पश्चिम रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अपर महाप्रबंधक गौतम अरोरा ने महाप्रबंधक कार्यालय में लोकतंत्र में आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने व स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा के साथ धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मताधिकार करने की शपथ दिलाई।

## रिपब्लिक डे पर कुछ नया करने की पहल

# लेडीज ने तिरंगा ध्वज थीम पर सेलिब्रेट किया गणतंत्र दिवस



बेधड़क | जयपुर

जयपुर की लेडीज ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या को अपने अनूठे अंदाज में सेलिब्रेट किया। इंटरकोंटिनेंटल में एफबीएस मेंबर्स रिपब्लिक डे के लिए पहुंचीं और विएटनमीज फूड वर्कशॉप में शामिल होते हुए अपने टेस्ट को डवलप किया।

इस मौके पर हैड शेफ गौरव पराशर ने लेडीज को वन ऑन वन एक्सक्लूसिव सेशन में स्पेशली वियतनाम से लाए गए फ्लेवर्स मसाले से बनी डिशेज की जानकारी दी और बनाना सिखाया। गौरव ने बताया कि यह पहला मौका है जब इस तरह की एक्टिविटीज की जा रही है। हाउस ऑफ हन में सबको जानकारी दी रहे हैं। इस मौके पर इंटरनेशनल शेफ दो वान क्यू एक्सक्लूसिव मास्टरक्लास लेंगे।

फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि रिपब्लिक डे पर कुछ नया करने के लिए वियतनाम को जयपुर लाने की कोशिश की गई। इस मौके पर वियतनाम से आए शेफ ने लेडीज को वहां की क्विजीन के बारे में बताया और टिप्स दीं। मैंबर्स ने उत्साहिक होकर पार्टिसिपेट किया और सभी तिरंगे की थीम पर ड्रेस्ड हुए नजर आईं। प्रोग्राम में सिद्धयानी जैन, नीति बैद, अमिका हल्दिया, मुनमुन पोद्दार, ऋषा अरोड़ा, ज्योति जैन, स्वाति गोयल, स्मिता सांघी, दीक्षा भाला, विजयता अग्रवाल, करिश्मा दरुका, सारिका गोस्वामी, बिंदु चोर्डिया, छवि अग्रवाल, प्रीतम गर्ग, सारिका कुमत आदि ने शेफ बनने के टिप्स लिए।

## दो दिवसीय थिएटर फेस्टिवल की शुरुआत

# रंगकर्म पर चर्चा और सांगीतिक प्रस्तुति से किए विचार साझा



बेधड़क | जयपुर

श्री एम डॉट बैंड थिएटर फैमिली सोसायटी और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जयपुर थिएटर फेस्टिवल (जयरंगम फ्रिंजेस) का मुंबई के वेद कुनबा थिएटर में शुभारम्भ हुआ।

अभिनेत्री दिव्या जग्दले, सारिका सिंह, जयति भाटिया, निवेदिता पोहनकर ने शुरुआत की और 'वीमेन एंड थिएटर' विषय पर विचार साझा किए। शाम को जलवायु परिवर्तन से चिंतित कलाकार की व्यथा को जाहिर करने वाले मेघना ए टी लिखित और अभिनीत नाटक प्लान बीसीडीई का मंचन हुआ। दो दिवसीय फेस्टिवल शिव कुमार सुब्रमण्यम को समर्पित है।

पूर्वा नरेश और जयपुर की वरिष्ठ रंगकर्मी रुचि नरुला 'नाटक कैसे तैयार करें' इस पर प्रकाश डालेंगे। पूर्वा नरेश एक लेखक और नाटक निर्माता हैं। कथक के साथ मृदंग वादन में उन्हें महारत हासिल है। पूर्वा के नाटकों में नृत्य, संगीत का संयोजन देखने को मिलता है। उन्हें बिस्मिल्लाह खान पुरस्कार, लैंगिक संवेदनशीलता पर सर्वश्रेष्ठ नाटक के लिए लाडली मीडिया पुरस्कार और नेशनल अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है। नाटकों में संगीत संयोजन के लिए प्रसिद्ध राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी संगीत निर्देशक आमोद भट्ट रंग संगीत कार्यक्रम में सुरीली प्रस्तुति देंगे। आमोद भट्ट ने 100 से अधिक नाटकों में संगीत दिया है। शाम को प्रेम रंग में रंगने वाले 'बी लव्ड' नाटक का मंचन होगा।

**कला संसार मधुरम** | देशभक्ति राग में राष्ट्र प्रेम से सराबोर हुए श्रोता

# 'सीमा पर लड़ने जाएंगे' में दिखाया जवानों का जज्बा

बेधड़क | जयपुर

जवाहर कला केंद्र गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश भक्ति नगमों से आच्छादित रहा। श्रोताओं को राष्ट्र प्रेम के भाव से सराबोर किया गया तो वे रोमांचित हो गए। कला संसार मधुरम के तहत कार्यक्रम में श्याम प्रसाद चौधरी व समूह के 16 कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कथक के साथ गणेश वंदना से शुरू हुई महफिल देश भक्ति गीतों की सुरीली प्रस्तुति के साथ समाप्त हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किशोर कलाकारों ने अपने जज्बे को कला के जरिए जाहिर किया।



**इन्होंने दिया साथ**

श्याम प्रसाद चौधरी ने हारमोनियम, निक्कू सिंह ने पखावज, सत्यम कुशवाहा ने तबला, राजीव नरेरा ने सिंथेसाइजर, कोंगो पर विक्की गौड़ और शिल्पी चौधरी ने बांसुरी के साथ संगत कर रोमांचित कर दिया।

### 'हिंद देश के निवासी' गीत पर दी प्रस्तुति

शिल्पी चौधरी ने कथक कर प्रथम पूज्य की वंदना की। किरण कौर और बबिता पांडे ने 'हिंद देश के निवासी' गीत के साथ संगीतमय यात्रा को आगे बढ़ाया। राजवीर नरेरा ने 'सरफरोशी की तमन्ना' गीत में स्वतंत्रता सेनानियों के भावों को साकार किया। 'पंद्रह अगस्त के दिन हुआ आजाद ये भारत प्यारा' गीत गाकर भूमि चरेरा, सौम्या कुशवाहा, वंदना राव, पूर्वी चौधरी, किरण कौर, महेश जोशी, प्राची और प्रकाश ने स्वतंत्रता के उल्लास को जाहिर किया।

### 12 गीतों में देशभक्ति का रंग

'सीमा पर लड़ने जाएंगे' गीत की सामूहिक प्रस्तुति में भारतीय जवानों के जज्बे की झलक नजर आई। एक-एक कर इन कलाकारों ने 12 देश भक्ति गीतों से कृष्णायन को गुंजायमान किया। सभी कलाकारों ने अंत में एक स्वर में 'सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा' गाया तो सभी श्रोताओं ने झूमते हुए उनकी आवाज से आवाज मिलाई।

**माली के कंगाबा में हुआ हादसा, हादसे के समय 100 से ज्यादा मजदूर थे खदान में**

# सोने की खदान ढहने से 70 लोगों की मौत

एजेंसी | माली

माली में एक अनियमित सोने की खदान ढहने से 70 से अधिक लोगों की मौत हो गई। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका के बीच मलबे में दबे लोगों की तलाश जारी है। घटनास्थल पर उपस्थित माली चैंबर ऑफ माइंस के अध्यक्ष अब्दुलाये पोना ने बताया कि हादसे के समय खदान में लगभग 100 लोग मौजूद थे। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक यह हादसा दक्षिण-पश्चिमी कौलिकोरो क्षेत्र के कंगाबा जिले में हुआ। खान मंत्रालय के एक बयान में इसके बारे में बताते हुए कई श्रमिकों के मारे जाने की आशंका जताई गई। सरकार के राष्ट्रीय भूविज्ञान और खनन निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी करीम बर्थे ने हादसे की पुष्टि की।



### माली में आम हैं ऐसे हादसे

अफ्रीका के नंबर तीन सोना उत्पादक देश माली में ऐसे हादसे आम हैं। दूरदराज इलाकों की खदानों में मजदूरों के काम करने समय सुरक्षा उपायों की अनदेखी करने का आरोप लगता रहा है। बर्थे ने दुर्घटना के बाद कहा कि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचने के लिए सरकार को माइनिंग सेक्टर में एक व्यवस्था लानी चाहिए। खान मंत्रालय के बयान में दुर्घटना पर गहरा खेद व्यक्त किया गया। मंत्रालय ने खनन स्थलों के पास रहने वाले खनिकों और समुदायों से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।

### दो मिलियन आबादी खनन पर निर्भर

हाल के वर्षों में ऐसी चिंता उपजी है कि उत्तरी माली में अनियमित खनन से होने वाले मुनाफे से उस इलाके में सक्रिय चरमपंथियों को फायदा पहुंच सकता है। हालांकि यह हादसा दक्षिण माली में राजधानी बमाको के करीब हुआ है। गौरतलब है कि सोना अब तक माली का सबसे महत्वपूर्ण एक्सपोर्ट है, जिसमें 2021 में कुल निर्यात का 80 प्रतिशत से अधिक शामिल है। दो मिलियन से अधिक लोग आमदनी के लिए माइनिंग सेक्टर पर निर्भर हैं, ये माली की आबादी का 10 फीसदी से अधिक है।

**युद्ध में नष्ट हुई ऊर्जा क्षमता की भरपाई की जद्दोजहद**

# इस वर्ष 4 नए परमाणु रिएक्टर्स का निर्माण शुरू करेगा यूक्रेन

एजेंसी | कीव

रूस के साथ दो साल से चल रहे युद्ध में नष्ट हो चुकी अपनी परमाण ऊर्जा की भरपाई के लिए यूक्रेन ने जद्दोजहद शुरू कर दी है। इस वर्ष यूक्रेन चार परमाणु ऊर्जा रिएक्टर्स पर निर्माण कार्य शुरू कर सकता है।

यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने गुरुवार को न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि युद्ध के कारण खोई हुई ऊर्जा क्षमता की भरपाई करने की जरूरत है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि यूक्रेन को इस गर्मी या शरद ऋतु में चार नए परमाणु ऊर्जा रिएक्टर्स पर निर्माण कार्य शुरू करने की उम्मीद है। रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध को दो साल से अधिक समय हो गया है। रूस लगातार यूक्रेन के क्षेत्रों पर हमले कर रहा है। यूक्रेन के कई शहर रूस के आक्रमण से तबाह हो चुके हैं। लगातार चल रही इस जंग के बीच यूक्रेन अपने खत्म हो रहे परमाणु ऊर्जा पर विशेष ध्यान दे रहा है। क्योंकि देश रूस के साथ युद्ध के कारण खोई हुई ऊर्जा क्षमता की भरपाई करना चाहता है।

गौरतलब है कि वर्तमान में यूक्रेन-नियंत्रित क्षेत्र में तीन परमाणु ऊर्जा संयंत्र देश की बिजली जरूरतों का 55% से अधिक उत्पादन करते हैं, लेकिन कीव यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र ज़ापोरिज़िया के नुकसान की भरपाई में मदद करने के लिए इस क्षेत्र का विस्तार करना चाहता है।



### यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्र में बनाए जाएंगे सभी रिएक्टर

रिएक्टरों और संबंधित उपकरणों सहित पहली दो इकाइयां, रूसी-निर्मित उपकरणों का उपयोग करेंगी जिन्हें यूक्रेन बुल्गारिया से आयात करना चाहता है, जबकि अन्य दो वेस्टिंगहाउस तकनीक का उपयोग करेंगी। गैलुशचेंको ने बताया कि सभी चार रिएक्टर यूक्रेन के पश्चिम में खमेलनित्सकी परमाणु ऊर्जा संयंत्र में बनाए जाएंगे।

**जाक्सा को मिला इसरो का साथ**

# चंद्रयान बचाएगा जापानी लैंडर की जान!

एजेंसी | टोक्यो

जापान के चंद्र मिशन स्लिम की जान संकट में है। यह चांद पर ऐसी जगह पर उतरा है जहां पर अभी अंधेरा है। इसलिए इसके सोलर पैनल काम नहीं कर रहे हैं और बिजली नहीं बन रही है। यही वजह है कि जापान ने अपने मून लैंडर स्लिम को चांद की सतह पर उतरने के करीब 3 घंटे बाद स्विच ऑफ कर दिया। जापानी स्पेस एजेंसी जाक्सा ने कहा है कि अब जब चांद के इस इलाके में सूरज की किरणें पड़ेंगी तब वे इसे फिर से ऑन कर देंगे। इससे जापानी मिशन पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसके लिए जाक्सा ने भारत के चंद्रयान-2 की मदद लेना शुरू कर दिया है। यही नहीं जापानी एजेंसी ने स्लिम की पहली तस्वीर भी जारी की है।



**अभी ऊर्जा बनने की पुष्टि नहीं:** हालांकि चांद पर शनिवार को लैंडिंग के 20 मिनट बाद ही जाक्सा इस बात की पुष्टि नहीं कर पाई कि स्लिम की सोलर बैटरी से ऊर्जा बन रही है या नहीं। इस बीच जाक्सा ने रिमोट के जरिए लैंडर को बंद तो कर दिया, लेकिन उन्हें चांद की सतह के कई तस्वीरों का डेटा मिल गया। जाक्सा ने कहा कि उन्हें काफी डेटा मिल गया है। जापानी एजेंसी ने कहा कि जब पश्चिमी की ओर से सूरज की किरणें आएंगी तो स्लिम फिर से काम करने लगेगा। अभी जापानी यान में केवल 12 प्रतिशत बैटरी ही बची है।

### चंद्रयान-2 की तस्वीरों से मिली मदद

चंद्रयान की ली गई तस्वीरों की मदद से जाक्सा के स्लिम को चांद पर सटीक तरीके से उतारने में मदद मिली थी। इसके अलावा कहां पर स्लिम को उतारना है, इसका फैसला भी जाक्सा ने चंद्रयान-2 की तस्वीरों के आधार पर तय किया था। बता दें कि भारत और जापान के बीच लूनर पोलर खोज मिशन लूपेक्स चल रहा है ताकि चांद पर शोध को मिलकर बढ़ावा दिया जा सके। जापान के स्लिम मिशन को 'मून स्नाइपर' भी कहा जाता है। जापान पांचवां ऐसा देश है जिसने चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की है।


# अब सऊदी अरब में भी बिकेगी शराब

एजेंसी | रियाद

शराब पीने पर जेल की सजा के प्रावधान वाला देश सऊदी अरब शराब का अपना पहला स्टोर खोलने की तैयारी कर रहा है। यह स्टोर गैर-मुस्लिम राजनयिकों के लिए खोला जा रहा है। यहां से शराब खरीदने के लिए ग्राहकों को मोबाइल ऐप के के जरिये पंजीकरण करना होगा। विदेश मंत्रालय से क्लीयरेंस कोड मिलने के बाद उनके लिए एक मासिक कोटा तय किया जाएगा। शराब का यह स्टोर रियाद के राजनयिक क्वार्टर में होगा। इस इलाके में कई दूतावास हैं, जहां राजनयिक रहते हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि अन्य गैर- मुस्लिम प्रवासियों को भी शराब मिलेगी या नहीं। गौरतलब है कि सऊदी अरब में लाखों प्रवासी रहते हैं। लेकिन उनमें से अधिकतर एशिया और मिस्र से आए मुस्लिम कामगार हैं। बहुत कम संख्या में अन्य संप्रदाय के प्रवासी रहते हैं। विशेषज्ञ शराब स्टोर खुलने की शुरूआत को अर्थव्यवस्था की मजबूती के रूप में देख रहे हैं।

### मासिक कोटा का करना होगा पालन

दस्तावेज के मुताबिक ग्राहक मासिक कोटा के हिसाब से ही शराब खरीद सकेंगे। सऊदी सरकार ने यह कदम विजन-2030 नामक व्यापक योजना के तहत उठाया है। गौरतलब है कि सरकार ने तेल स्त्रोत खाली हो जाने के बाद अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए विजन- 2030 योजना बनाई है।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl